मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि हमारे यहां जंगल के मामले को लेकर आदिवासियों के ऊपर गोली चल गई है। उसका जिक्र इस रिपोर्ट में नहीं है और मैं समझता हूं कि मैं आपको इस चीज को बतलाऊं। ये नई नई बातें हैं जोकि मैं आपको बतला रहा हूं। सरगुजा जिले के खोबी गांव में जंगल के मामले को ले कर गोली चल गई। सिहावा में, जोकि रायपुर जिले—मध्य प्रदेश— में है, जमीन के मामले को लेकर पांच सौ व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आदिवासियों का जब एक्सप्लायटेशन शुरू किया जाता है, तो उस वक्त चाहे वे उसका जवाब नहीं देते हैं क्योंकि उनमें बुद्धि नहीं होती है लेकिन धीरे धीरे वे सब चीज समझने लग जाते हैं और अपना जवाब उस तरीके से देना शुरू करते हैं।

मैं कहना चाहता हूं कि आदिवासियों की आर्थिक समस्या जंगल के साथ बंधी हुई है। ये जो जंगल काटे जा रहे हैं, इससे हमारी इकानोमी नष्ट हो गई है। मैं आयुक्त महोदय से कहना चाहता हूं कि वे कोरी बातें न करें।

मैं एक बात को कहना भूल गया हूं जोकि अब मैं कहना चाहता हूं। हमारे प्रधान मंत्री जी ने दो तीन दिन हुए एक स्टेटमेंट दिया था या व्याख्यान दिया था जोकि पेपर्स में छपा था और उस में उन्होने कहा था कि आदिवासी क्षेत्रों में इस कोआप्रेटिव फार्मिंग को अभी लागू नहीं किया जायेगा, जो बैकवर्ड इलाके हैं, उनमें आहिस्ता आहिस्ता इसको लागू किया जायेगा। आदिवासियों में कोआप्रेशन की जन्मजात भावना है। उनके बारे में मैं समझता हूं कि बेजवाबदार बात कोई नहीं कही जानी चाहिये और इस तरह की बात कहना मैं समझता हूं उनका पालिटिकल एक्सप्लायटेशन करना है। श्री मसानी के भाषण से शायद हमारे प्रधान मंत्री महोदय

ने भी पीने दो करोड़ आदिवासियों के बीच में कहा कि सहकारिता का काम वहां नहीं होगा। मैं एक बात को मानता हूं कि खून खराबा हो सकता है लेकिन उसी वक्त जबकि आप चतुर लोगों से हमारा एक्सप्लायटेशन करवायेंगे। अगर उन्हीं आदिवासियों के द्वारा आप काम को करवायेंगे और उन पर विश्वास करेंगे तो मैं कहना चाहता हूं कि यह जो मूवमेंट है यह सर्वप्रथम आदिवासी इलाकों में ही सफलता प्राप्त कर सकेगी।

मैं समझता हूं कि मैं अन्तिम भाषण कर रहा हूं क्योंकि दूसरे हाउस में गरीब लोग आने वाले नहीं है। यह बात ठीक है कि आदिवासी चाहे गरीब है, उन में यह भावना है कि चाहे आप उन के साथ हजार छल कपट कर लें, हजार रुपया का लालच भी उन को दे लें, आदिवासी बराबर चुन कर आयगे। लेकिन उन के नाम उंगली पर गिने जा सकते हैं। ऐसे दो चार व्यक्ति हो सकते है जो आ सकते हैं। तब उन का पालिटिकल एक्सप्लायटेशन भी शुरू हो जायेगा और यह देश के लिये नुकसानदेह ही साबित होगा। इस तरह से देश को जो हानि होगी, उस हानि से अगर देश को बचाना है तो आदिवासियों के बारे में जो भी निर्णय आप करते हैं, उस को सोच समझ कर करें।

अन्त में मैं जयप्रकाश नारायण जी ने जो इन लोगों के बारे में बम्बई में कहा है, उस को मैं पढ़ कर सुनाना चाहता हूं और अपना भाषण खत्म करना चाहता हूं। उन का कहना है :—

> "दुनिया के उन देशों की बात छोड़ दें जो आज तक पहुंचने की कोशिश में हैं, फिर भी विकास की दृष्टि से भारत कई देशों से आगे बढ़ा हुआ है, इस से इन्कार नहीं किया जा सकता, तब तो यह एक सर्वथा अचरज की ही घटना है, कि बम्बई प्रदेश में सतपुड़ा की घाटियों में बसे ३५६ ग्रामों की ६० हजार आदिवासी जनता स्वराज्य, नेहरू और महात्मा गांधी तो दूर, राम और कृष्ण तक के नाम नहीं जानती।"

यह है हमारे आदिवासी कल्याण विभाग की आदिवासियों की भलाई करने का काम। यह हमारे आदिवासी भाइयों की बम्बई में हालत है और उस बम्बई प्रान्त में जहां पर सब से अच्छा काम आदिवासियों के लिये लिखा हुआ है। यह चीज किसी के लिये भी कलंक वाली सिद्ध हो सकती है। जयप्रकाश जैसे व्यक्ति या आचार्य विनोबा भावे जैसे व्यक्ति किसी से पैसा ले कर काम करने वाले नहीं है। वे सच्चे अर्थों में सोशल वर्कर्स हैं और तन मन से इस काम को कर रहे हैं। ठक्कर बापा भी उसी कोटि में आते है। वह सर्वेंट आफ इंडिया सोसाइटी से ऑनरेरियम नहीं लेते थे। लेकिन आज हम देखते हैं कि पैसा ले कर जो सोशल वर्क करने वाले हैं, वे मनमाने ढंग से काम करते हैं और हरिजन तथा आदिवासियो के नाम पर पैसा कमाते है।

भूदान नेता जयप्रकाश जी ने आगे कहा है :—

> "वे आदिवासी प्राकृतिक खेती करते हैं। कृषि साधनों की इन्हें कतई जानकारी नहीं है और बाहरी दुनिया पर वे सिर्फ नमक के लिये निर्भर रहते है।"

यह जो जयप्रकाश जी ने उन का चित्र खींचा है, यह बिल्कुल सही चित्र है। मैं चाहता हूं कि इस ओर आप का ध्यान जाय।

चूंकि समय कम होता है, इस कारण जल्दी में बहुत सी बातें छूट जाती हैं। यह अन्तिम चित्र है, जो मैं ने आप के सामने रखा है। इन शब्दों के साथ मैं आशा करता हूं कि भविष्य का जो खतरा है, जहां तक हो सकेगा उस को टालने की कोशिश की जायगी।

**Pandit Munishwar Dutt Upadhyay** (Pratapgarh): Mr Chairman, Sir, a number of hon. friends have spoken and they have emphasised really very important points.

**श्री प० ला० बारूपाल** (बीकानेर—रक्षित—अनुसूचित जातिया) हिन्दी में बोलिये ताकि सब समझ सकें ।

**पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय** मैं इसलिये अंग्रेजी में बोल रहा था ताकि मंत्रिणी महोदया समझ सकें ।

**श्रीमती आल्वा** : मैं भी हिन्दी बहुत अच्छी तरह से समझ सकती हूं ।

**पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय** सभापति महोदय, आज का विषय हमारे देश के उस वर्ग से सम्बन्धित है जो वर्ग कि स्वय अपने लिये कुछ करने में समर्थ नही हो सका है । सामाजिक कारणों की वजह से वह ऐसी स्थिति में है जिस में कि समाज के दूसरे वर्गों का तथा देश की सरकार का भी उस पर विशेष ध्यान जाना आवश्यक है ।

बहुत सी बातें हमारे मित्रो ने जो अभी कही हैं, उन को मैं भी अगर दोहराने लगू तो बेकार ही मैं आप का समय लूगा । बहुत सी बातें बतलाई गई है जिन में से कुछ ऐसी बातें भी है जिन की जानकारी मुझे खुद भी रहती आई है और जिस की शिकायत बार-बार मैं सुनता आया हू । इस रिपोर्ट में कहा गया है कि स्टेट्स को धन की स्वीकृति सीधे दी जायगी इस से काम बडी प्रगति और सफलता के आगे बढ़ेगा । लेकिन हमारे मित्रो ने कहा कि इस से और बाधायें पैदा होने का अन्देशा है । इस में कोई सन्देह नही है कि जहा तक वजीफो का मामला है, स्कालरशिप्स की बात है, जोकि हरिजन विद्यार्थियो या दूसरे विद्यार्थियो को मिलता रहा है, अक्सर उस के ठीक वक्त से मिलने में बडी दिक्कत होती रही है । तो क्या सहूलियत पैदा हो सकेगी क्या नही, वह तो मैं समझता हूं कि इसी मिसाल से समझ लेनी चाहिये । लेकिन मैं तो एक पहलू और जो इस रिपोर्ट का है उस के सम्बन्ध में विशेष कर निवेदन करना चाहता था ।

यह रिपोर्ट जो आज हमारे सामने है वह उन वाकयात को हमारे सामने रखती है, वह मसाला हमारे सामने रखती है जो कि दो, पौने दो, डेढ़ या एक वर्ष पहले का है । इस बीच में, साल, डेढ़ या दो साल में हालत क्या हो गई है । हम कहां के कहा पहुच गये, इस का कुछ पता नही है । ऐसी हालत में जो बहस हमारे सामने चल रही है, कितनी वास्तविक है और कितनी बहस हम बातो पर कर रहे हैं, यह मैं नही समझ पाता हू । ऐसी स्थिति में चूकि रिपोर्ट इतनी लेट आती है, हमारे पास कोई कीमत इस की नही रह जाती । मैं निवेदन करूगा कि मुझे जान यह पडता है कि या तो वहा काम करने वालो की कमी है, या दिक्कत दरअस्ल इस मैटीरियल के मिलने में हो जाती है, जिस की वजह से देर हो जाती है । जैसे मेरे कुछ मित्रो ने शिकायत की, हम ने जब महकमा कायम किया है तो उस महकमे को पूरी सहूलियत, पूरा स्टाफ, पूरे आदमी, पूरा सामान और पूरे साधन देने चाहियें ताकि हमारा यह विभाग कारगर हो सके । जिस काम के लिये वह नियुक्त हुआ है, वह काम भी कुछ हो सके, केवल यह न हो कि यहा वहा घूम-घाम कर रिपोर्ट हमारे पास आ गई, इन बेचारो को कोई और अधिकार नहीं, कुछ मतलब नही, कोई उन की सलाह मानने वाला नही, कोई सुझाव सुनने वाला नही, एक रिपोर्ट यहा आ गई और उस पर हम लोगो ने खडे हो कर बहस कर ली । उस में कोई प्रस्ताव पास होने वाला नही, कोई पाबन्दी होने वाली नही, कोई फैसला होने वाला नही । फिर इतना ही नही, हमारे मंत्री जी ने कहा कि यह सारा कारोबार तो स्टेट में हो रहा है, स्टेट सरकारो को सब कुछ करना है, वहा ही लोगों को जानकारी होनी है, वहा ही वायुमंडल

बनना है, वहां ही इस का सारा काम हो रहा है । और, हमारे यहां तो बहस भी हो जाती है, थोड़ा सा अवसर होता है हमारे मित्रों को कुछ कहने का भी, हम को जो कुछ कहना होता है, उस के सुझाव भी हम देते हैं, लेकिन जब हम ने स्टेट लेजिस्लेचर्स की बात देखी, तो वो एक स्टेट को छोड़ कर कभी कहीं पर इस मसले पर बहस भी नहीं होती । कभी शायद किसी स्टेट को अवसर भी नहीं होता कि वह अपनी राय जाहिर कर सके । तो किसी प्रकार से कोई वायुमंडल वहां ऐसा बन सके, कोई वहां पर सुधार हो सके, ज्यादा खूबी से काम हो सके, जिस से हमारा यह विभाग कारगर हो सके, मुझे ऐसा कोई सामान तो दिखता नहीं । एक तो इतना लेट रिपोर्ट का आना, दूसरे जहा पर सारा कारोबार चल रहा है वहा पर चर्चा न होना, तीसरे उन के पास कोई साधन, सामान नहीं, सुझाव देने से कोई सुनने वाला नहीं, उस का कोई स्थान नहीं है हमारे सारे ढांचे में । तो इतना रुपया खर्च कर देना इस पर, इतनी बहस मुबाहसे की बात पैदा करना, इस का क्या नतीजा हो रहा है, और इसे हम कैसे कारगर बना सकेंगे, इस के बारे में मैं कुछ आप के सामने रखना चाहता था ।

एक बात और निवेदन करना चाहता था । जहां तक रिपोर्ट का ताल्लुक है, मैं देख रहा था, ढूंढ रहा था कि कैसे हम को यह मालूम हो कि हम ने एक बड़ा भारी कदम उठाया था, एक कानून पास किया था : अनटचेबिलिटी ऐक्ट । हम जानना चाहते थे कि यह अनटचेबिलिटी ऐक्ट कितना कारगर है, या कैसे काम कर रहा है । इस को जानने के लिये जरूरत तो यह थी कि हम को बताया जाता कि कितनी शिकायतें आईं, कितने मुकदमात थे जिन की पुलिस द्वारा तहकीकात हुई, कितने मुकदमात के चालान हुए, कितने सजा पायें, कितने छूट गये, कौन शहादत न पाने की वजह से छूट गये । वह सारे वाकयात हमें मिलने चाहियें थे । मैं निवेदन करता हूं कि इस में से एक भी बात रिपोर्ट में नहीं आई । आया तो क्या कि कुछ थोड़े से मुकदमे थे जिन को अदालत में इस वजह से नहीं भेजा जा सका कि उन में शहादत नहीं मिल सकी । इस से तो कुछ पता नहीं चलता कि कितने मुकदमे आये, कितनों में शहादत मिल सकी और कितनों में नहीं मिल सकी । इस से मुझे यह जान पड़ता है कि शायद मुकदमे आये ही नहीं । जितने आये भी उन में शहादत नहीं मिल सकी, जिस की वजह से वे खत्म हो गये । इस के अलावा कोई और नक्शा नजर नहीं आता । तो अगर इस तरह की रिपोर्ट हो जिस से कुछ पता न चल सके, तो या तो उन के पास साधन नहीं हैं, सामान नहीं है, कोई जरिया नहीं है जिस से कि वह इत्तला इकट्ठा कर सकें ।

**एक माननीय सदस्य** : थाने में कोई रिपोर्ट लिखता ही नहीं है ।

**पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय** : या जरूर कोई ऐसी कमी है जिस को वजह से कोई बात हम नहीं जान सकते कि जो कानून हम ने बनाया उस का असर क्या हो रहा है, वह कैसे वर्क कर रहा है, वह कहां तक उपयोगी है, उस में हम कैसे तरमीम करें, कौन सा रास्ता निकालें । कानून हमारा जहां का तहां पड़ा हुआ है जोकि हम ने सन् १९५६ में पास किया था । जो भी हमारी रिपोर्ट में कमी है वह मैं समझता हूं कि उन के पास साधन, सामान न होने की वजह से । कहीं न कहीं ऐसी कमी जरूर है ।

फिर दूसरी बात मैं यह देख रहा था कि दरअस्ल हालत क्या है । इस अनटचेबिलिटी को दूर करने के लिये हम ने कानून बनाया, लेकिन अनटचेबिलिटी दूर नहीं हुई, इस में कोई सन्देह नहीं । हां सुधार काफी हुआ है परन्तु कुछ बातें उसी तरह से चल रही हैं । इस में हमारे आफिशल आर्गेनाइजेशन सबै

[पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय]

हुए हैं, नानआफिशल आर्गेनाइजेशन भी लगे हुए हैं। वे पैसा भी पाते हैं, बड़े काबिल लोग हैं, बड़ा उपयोगी काम करते हैं, कुछ परमार्थी भी हैं इस में कोई सन्देह नहीं है। उद्देश्य भी उन का बहुत अच्छा है इस के प्रति। लेकिन जानना हम इस में यह चाहते थे कि वे लोग काम कैसे कर रहे हैं। बताया गया कि हम ने इतने मन्दिर और धर्मशालायें खुलवा दिये, इतने अस्पताल खुलवा दिये, इतने कम्यूनिटी डिनर करवा दिये, इतनी सभायें करवा दीं सैकड़ों की तादाद में यह चीजें बतलाई गईं, इस में कोई सन्देह नहीं, यह उपयोगी काम हुए लेकिन हम तो ऐसी बातों को जानना चाहते थे जिन से पता चल सके कि दर असल स्थिति क्या है। मैं जानना चाहता था कि इस में वह यह बतायें कि कितनी ऐसी जगहें हैं जहा पर वे गये और जो कुछ खुलवाना चाहते थे वह नहीं खुल सका। अगर वह इस को कहते तो पता चलता कि हालत यह है, इतनी जगहों पर कोशिश की लेकिन इतनी जगहों में सफल हो सके और इतनी में नहीं। पर इस की चर्चा तो रिपोर्ट में नहीं। कितने मामले और मुकदमे अनटचेबिलिटी ऐक्ट के मातहत हुए, यह नहीं बताते। यह नहीं बताते कि कितनी जगहें ऐसी हैं जहां पर अस्पृश्यता दूर करने में असफल रहे, जहां इन्कार किया गया कि यह काम नहीं हो सकता, जहां रुकावट हुई, जहा बाधा हमारे रास्ते में आई। वह चीज बतायें तो उस की कुछ दवा सोची जाय। ऐसी हालत में जो इत्तलायें, जो सूचनायें, जो मसाला हमारे सामने कारगर हो सकता था, वह मसाला हमारे सामने आना चाहिये। लेकिन मैं देखता हूं कि वह चीज इस रिपोर्ट में नहीं आती है।

एक चीज मैं ने शुरू में निवेदन किया कि अगर वह आये भी तो हम क्या कर देंगे। कौन सी चीज हम रखने जा रहे हैं, कौन का पावन्द हम इस सरकार को कर देंगे या स्टेट गवर्नमेंट्स को कर देंगे, जिस की वजह से कोई काम हो सकेगा। मालूम होता है कि हमारे कमिश्नर साहब भी यह समझते हैं कि वह महज बहस के लिये है, जो कुछ सामने आ गया, दे दो। कौन सा कारगर काम होने वाला है। इस वास्ते मैं चाहूंगा कि जिस तरह का हमारा यह विभाग काम कर रहा है, उस पर कुछ न कुछ ध्यान दिया जाय और इस तरह से धीरे-धीरे चलता जाये यह पर्याप्त नहीं है।

फिर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई कि हमारे जितने भी मित्र बोले, विशेषकर हमारे जो हरिजन भाई बोले, शेड्यूल्ड कास्ट्स के सदस्य बोले, उन्हों ने इस के आर्थिक पहलू पर ज्यादा जोर दिया। और दरअस्ल यह आर्थिक पहलू ही है जिस के सही होने से सारा कारोबार सही हो सकता है, क्योंकि अनटचेबिलिटी वगैरह जहा मैं ने देखा, उस में जो कोई जरा सा पढ़ लिख कर होशियार, काबिल, अच्छे कपड़े पहनने वाला, हैसियत रखने वाला हो जाय स्टैन्डर्ड आफ लिविंग जिस का अच्छा हो गया हो, उस के साथ सम्पर्क करने में, उन का साथ लेने में किसी को कोई ऐतराज नहीं मालूम होता। वह सब जगह बराबर स्थान पाते हैं। दर-अस्ल प्रश्न उन लोगों का है जिन के खाने का ठिकाना नहीं, घर का ठिकाना नहीं, कपड़े का ठिकाना नहीं, आबरू का ठिकाना नहीं। हालत दरअस्ल उन की सुधारनी है। जब तक हम आर्थिक रूप से उन की सहायता कर के, उन का स्तर ऊंचा नहीं करेंगे तब तक उन की हालत सुधरने वाली नहीं है। कुछ ऊंचे दर्जे के लोग, जोकि मिडल क्लास के कहलाते हैं, अथवा हाई कास्ट के कहलाते हैं जो समाज में ऐसे लोग हैं, जिन को बिल्कुल गांव में रहने वाला कहा जा सकता है, जिन को कभी गांव के बाहर जाने का अवसर नहीं मिला,

वे गांव में बड़े भारी प्रतिष्ठित हैं, उन के कारण बड़ी मुश्किल होती है, वे ही छूआछूत का ऐतराज करते हैं। इस वास्ते यह नहीं है कि जो हमारे शेड्यूल्ड कास्ट्स के लोग हैं उन्हीं की हालत खराब है, दूसरे लोगों की हालत भी वही है। सारा वायुमंडल वहां का इस प्रकार दूषित है, और ऐसा आप देखेंगे इंटीरियर में, गांवों में, जहां किसी की पहुंच नहीं है। वहां यह मामलात ज्यादा उठते हैं, वहीं इस तरह के ऐतराजात ज्यादा उठते हैं। जहां पर लोग थोड़े बहुत विकसित होते जा रहे हैं, शिक्षित होते जा रहे हैं, वहां धीरे धीरे इस में कमी होती जा रही है। इसलिये वहां सभी वर्गों को शिक्षित और उन के जीवन स्तर को ऊंचा करने की आवश्यकता है।

तो मैं आपसे निवेदन करूंगा कि दरअसल इस सारे वायुमंडल को शुद्ध करने के लिए जनता में जो प्रचार करने की जरूरत है और हरिजनों को शिक्षित करने की जो आवश्यकता अनुभव की जा रही है, यह सब चीजें तो आवश्यक हैं ही लेकिन इनमें आर्थिक प्रश्न बहुत ही महत्वपूर्ण है और उस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मुझे प्रसन्नता है कि हमारे सारे लोगों का ध्यान उस ओर गया है। हमारी सरकार का भी ध्यान आर्थिक स्थिति को सुधारने पर ज्यादा गया हुआ है क्योंकि आर्थिक स्थिति को सुधारने में मैं आपसे एक दो बात कहूं कि उसका कितना असर होता है। आप देखेंगे कि आर्थिक स्थिति का काफ़ी महत्व है और मेरी समझ में सामाजिक स्थिति का उतना महत्व नहीं है।

आप चुनावों को देखें। मैं लोक-सभा के चुनावों में ही देख रहा था तो मुझे मालूम हुआ कि कोई ९ सदस्य शैड्यूल्ड कास्ट के जनरल सीट्स पर सवर्ण हिन्दुओं के मुक़ाबले में चुन कर आये हैं। जो ऊंची जाति वाले कहलाते हैं और जो बड़े पापुलर समझे जाते हैं और जिनको कि काफ़ी समर्थन की उम्मीद होती है उनके स्थान पर ९ जगहों पर जनरल सीट्स पर हमारे शैड्यूल्ड कास्ट्स के भाई चुन कर आये हैं और सवर्ण हिन्दू उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत सके। इसी तरह मुझे मालूम हुआ कि १५ व्यक्ति असेम्बलीज की जनरल सीट्स पर सवर्ण हिन्दुओं के मुक़ाबले चुनाव जीते हैं और उन जनरल सीट्स पर वे चुने गये हैं। इससे यह जाहिर होता है कि चूंकि वे शैड्यूल्ड कास्ट्स के होते हैं इसलिए लोग उनसे घृणा करते हैं और उनको वोट नहीं देते हैं और उनका चुनावों में समर्थन नहीं करते हैं, ऐसी बात नहीं है। बात दरअसल यह है कि जनता उसको वोट देती है जिसको कि वह समझती है कि यह पढ़ा लिखा और काम का आदमी है और यह असेम्बली व पालियामेंट में जाकर उनका उचित प्रतिनिधित्व करेगा उसको वह बगैर जातिपात का विचार किये अपना वोट देती है और यही कारण है कि जनरल सीट्स पर हम देखते हैं कि यहां पालियामेंट में और प्रान्तीय विधान सभाओं में भी हमारे हरिजन उम्मीदवार चुन कर आये हैं।

**श्री प० ला० बारूपाल :** रिज़र्व सीट्स वाले लोग जो कि इन जनरल सीट्स पर सवर्ण हिन्दुओं के मुक़ाबले चुन कर आ गये हैं तो उसका कुछ विशेष कारण था और आप उसकी जांच करें कि वे विशेष कारण क्या थे जिनकी कि वजह से यह लोग उन जनरल सीट्स पर चुन कर आ गये?

**पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय :** मुमकिन है कोई और कारण भी हो परन्तु मैं सोच रहा था कि उसका एक पहलू यह भी हो सकता है। और मैं आप से यह कहना चाहता था कि हमारा जो एकोनामिक पहलू है उस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अगर वास्तव में हमें हरिजन उद्धार करना है और उनको अपलिफ्ट करना है तो हमें सब से पहले

[पंडित मुनिश्वर दत्त उपाध्याय]

उनकी आर्थिक अवस्था में सुधार लाना होगा और दरअसल जितने भी ऐसे पिछड़े और गरीब लोग है उन सब की आर्थिक अवस्था ठीक करने के लिए क़दम उठाना होगा। तभी सारा वायुमण्डल सही होगा।

एक बात की ओर और मैं सदन और सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं और वह यह है कि जो अछूत भाई हमारे बुद्ध धर्म अंगीकार कर लेते हैं और बौद्ध हो जाते है उनको भी सरकार की ओर से सहायता व प्रोत्साहन मिलना चाहिये। कोई बौद्ध हो जाने से वे अमीर हो जाते हों ऐसा तो है नहीं और फिर भी वे ग़रीब ही बने रहते हैं और इसलिए मैं समझता हूं कि उनको इससे महरूम रखना कुछ मुनासिब नही है। लेकिन वह मौजूदा नियम की रू से सुविधायें पाने के हक़दार नहीं है क्योंकि वह नियम के मुताबिक़ शैड्यूल्ड कास्ट के नहीं रहे हालाकि उसकी आर्थिक अवस्था वही है जो कि उसके शैड्यूल्ड कास्ट के दूसरे भाई की है। इसलिए सारे हालात को देखें तो पता चलेगा कि इस समस्या का आर्थिक पहलू सब से कारगर और महत्वपूर्ण है और आर्थिक पहलू पर विशेष ध्यान देना हमारा कर्त्तव्य होना चाहिये और ऐसा करके ही हम इन अपने अभागे पिछड़े भाइयों को ऊपर उठा सकते हैं। उनकी आर्थिक अवस्था बेहतर करके ही हम इस समस्या को स्थाई तौर पर हल कर सकते हैं और समाज का उत्थान कर सकते हैं।

एक बात मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इस सम्बन्ध में जो मेजर्स एडाप्ट किये गये हैं, तरीक़े अख्तयार किये गये हैं उन तरीक़ों में सुधार लाने की गुजाइश मौजूद है और मैं समझता हूं कि यह जरूरी है कि वे समय समय पर अपने काम का ब्योरा भेजते रहें। चूंकि घंटी बज चुकी है और मेरे पास समय नहीं है इसलिए मैं उनमें नहीं जाऊंगा। उन कामों को देखने के लिए यह आवश्यक है कि कोई न कोई ऐसा तरीक़ा निकाला जाय चाहे वह गवर्नमेंट की तरफ़ से हो या उसके लिए कोई कमेटी तैनात की जाय जो कि यह देखे कि वास्तव में सरकार ने जो नीति निर्धारित की है उस के मुताबिक़ काम किया जा रहा है कि नहीं क्योंकि अगर हम उन पर मुनासिब तौर पर अमल नहीं करवा सके तो यह सब कार्यक्रम व्यर्थ जायगा।

**Mr. Chairman:** We are to continue our sitting to-day up to 5 p.m. or 5.30 p.m.?

**श्री उइके :** उपाध्यक्ष महोदय ने हाउस को साढ़े पांच बजे तक के लिए बढ़ाना स्वीकार कर लिया था। आप यदि आध घंटे और अधिक समय बढ़ा दें अर्थात् ६ बजे तक कर दें तो बड़ी कृपा होगी।

**Shri M. C. Jain** (Kaithal): We should continue up to 6 p.m. today.

**Mr. Chairman:** Even then, I have to request hon. Members to limit their speeches to ten minutes, because the list before me contains so many names. Even now, some States have not at all been represented by any party whatsoever.

**श्री प० ला० बारूपाल :** राजस्थान को भी चांस दिया जाय।

**स्वामी रामानन्द शास्त्री** (बाराबंकी—रक्षित—अनुसूचित जातियां): मेरा निवेदन है कि जो व्यक्ति अभी तक सारे सेशन में नहीं बोले हैं और जिनको कि हिन्दुस्तान का विशेष ज्ञान है उन सब लोगों को विशेष तौर पर बोलने के लिए समय दिया जाय।

**Mr. Chairman:** It is very difficult to make such discrimination. There are certain States which have not been represented at all.

**Shri Manaen** (Darjeeling): May I know when the hon. Minister will start replying?

**Mr. Chairman:** If we sit up to six o'clock, then I shall call the hon. Minister at 5.30 p.m. Hon. Members should try to conclude their speeches within ten minutes.

**Shri Ramdhani Das** (Nawada—Reserved—Sch. Castes): I am very grateful to you for the opportunity that you have given me I should like to take this opportunity to draw the attention of the House towards the pitiable conditions of that section of Harijans, which consists of certain castes like Doms, Bhangis, Rijhwars, and Halakhors etc In this connection, I would like to bring to the notice of the House the observations of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes as found in the different reports. I shall quote a few lines from the different reports which will go to show how deplorable their conditions are

In the year 1955, the Commissioner says in his report at page 214.

> "Even among the Harijans there exist groups such as the Bhangi, Dom, Madiga, Mala etc who are in minority and who need special protection not only against caste Hindus but also from the dominant Harijan groups"

In 1956-57, at page 122 of his report, in the last paragraph, he says·

> "It has been observed that the vocal sections among the Scheduled Castes take all the advantages of the privileges granted to the Scheduled Castes under the Constitution and of the schemes undertaken by the Central and the State Governments for their welfare.".

In 1957-58, at pages 171 to 172 of his report, in the last para, he says:

> "If the ultimate goal of classless and casteless societies is to be attained, the list of Scheduled Castes and Scheduled Tribes and even of other backward classes will have to be reduced from year to year and replaced in due course by a list based on the criteria of income *cum* merit.".

Further, he says:

> "To my mind. income *cum* merit is the only equitable basis for granting concessions to the under-privileged section of the people, though in the case of certain castes which are not still vocal enough to take full advantage of the opportunities so far offered, criterion of caste *cum* occupation will have to be recognised for the present For that purpose list of such caste *cum* vocation considered very low in social structure, will have to be drawn up and maintained for some time".

Again, at page 176 of the report, he says:

> "More emphasis should be given on the education of girls and also of boys belonging to Bhangi, Mehtar and Dom and like communities by offering them more facilities in the shape of scholarships, stipends and/or mid-day meals, as their parents are reluctant to send their children to the schools because they help them to supplement their meagre income."

I must say in this connection that these communities are not getting even enough food to eat.

We also find that they could not get representation in the State Assemblies. What to speak of Assemblies, even in the district boards, municipalities and corporations where they are employed in large numbers. This is so because they are extremely poor, and there is none to represent their case in these bodies. They are lagging behind in every walk of life.

In order to raise their living standards, I would suggest that you have to give them proper education. It

[Shri Ramdhani Das]

is of the greatest importance that the policy of Government in the field of Harijan uplift should be one of 'more-needy-more-help' Unless such a policy is adopted by Government, these people cannot progress as they ought to

Then, I would say that the remarks of the Commissioner in this respect should be given full consideration by Government.

The State Governments should be requested to set up inquiry committees of experts with representatives of these affected communities in order to study their problems and find out ways and means to raise their living standards

Then, the State Governments should also be requested to watch the educational progress of the Harijan communities to see which among them are progressing and which of them are not, and the report should be discussed annually in the State Legislatures

Then, I would like to suggest that wherever Harijans are taken by Government nomination, the nominee should be from the lowest categories of the Harijans

The propagation of the Untouchability (Offences) Act should not be left entirely to the non-official organisations, but it should be done through the officials like the sub-divisional officer, the police sub-inspector, the chowkidars and so on who should be asked to make a survey of their respective areas and who should hold frequent meetings in the area where there is any sort of smell of untouchability still in existence.

Individual Harijans should be given free legal and financial help to the extent of Rs. 500 to enable them to proceed to a court to assert the right given to them under the Untouchability (Offences) Act. In cases of revision petition and appeal, an amount to the extent of Rs 1000 and a lawyer of the rank of Advocate-General should be provided for the individual Harijan. This is very necessary in order to ensure that they are not harassed, and their legal right is guaranteed to them properly.

I want to say a few words about the organisations to which Government are giving aid, such as the Bharatiya Dalit Sangh, the Harijan Sevak Sangh and so on I must say that these organisations which get Government aid must submit their reports about their work monthly, periodically and annually, giving details of their activities. For, I find that there is misuse of money by some of the organisations For instance, I have seen some Harijan Sevak Sangh workers, but in the village from which they come, there is untouchability So, it is of the highest importance that they must be asked to submit their reports monthly, quarterly and annually I have done.

16 hrs

श्री नवल प्रभाकर (बाह्य दिल्ली—रक्षित—अनुसूचित जातियां) सभापति महोदय, सदन में इस समय शेड्यूल्ड कास्ट्स एंड शेड्यूल्ड ट्राइब्स कमिश्नर की रिपोर्ट पर जो माननीय सदस्यों द्वारा विचार प्रकट किये जा रहे हैं, तो दिल्ली जो कि देश की राजधानी है और जहां तक दिल्ली का इस समस्या से सम्बन्ध है मैं इस सदन के सम्मुख कुछ अपने विचार प्रकट करना चाहता हूं।

जहां तक दिल्ली का प्रश्न है बहुत सारे सदस्यों ने कृपा करके दिल्ली के सम्बन्ध में बहुत कुछ बातें बताई किन्तु वस्तु स्थिति क्या है उससे वह बिल्कुल अनभिज्ञ हैं। कई बार ऐसा होता है कि कुछ राजनीतिज्ञ लोग होते हैं वह उदार दृष्टिकोण से उन विचारों को देखते हैं किन्तु मानवता की दृष्टि से यदि देखें तो वह अधिक नहीं होते हैं। जहां तक

दिल्ली का प्रश्न है और अस्पृश्यता का प्रश्न है यह सत्य है कि इस समय दिल्ली में अस्पृश्यता कम हुई है किन्तु आर्थिक अवस्था उनकी निरन्तर गिरती जा रही है और मैं देखता हूं कि आज से दस वर्ष पहले या २० वर्ष पहले जिस प्रकार की आर्थिक अवस्था थी वह आज भी विद्यमान है। मैं जब दिल्ली राज्य के गांवों में जाता हूं तो आज भी गांवो में मैं ऐसे हरिजन भाइयों को देखता हूं जो कि सर्दी के मौसम में सांप की तरह से कुंडली मार कर पड़े रहते है, पावो में पेट डाल कर भूखे पेट सो जाते हैं, सोते तो क्या हैं किसी तरीके से रात बिता देते है। उस गरीब और अभागे हरिजन का घर आज भी सीलन से भरा हुआ है और वहां पर बदबू होती है और उसकी कोई अगर भैंस है तो वह भी वही पर बधती है और वही वह गोबर करती है और वह वहा पर एक नरकीय जीवन बिताता है। गंदगी में आज हरिजन अपनी जिन्दगी व्यतीत कर रहे है और आप जाकर गावो में उनकी हालत देखिये और गाव में हरिजन का मकान आपको ऐसा दिखाई पड़ेगा जैसे कि सिर में फोड़ा दिखाई पड़ जाता है। उस तरह का एक मटमैल्ड घरौंदा आपको गाव में उस हरिजन का खड़ा हुआ दूर से दिखाई पड जायेगा और उसकी बनावट से आपको दूर ही से पता चल जायेगा कि यह किसी हरिजन का मकान है। अब यदि वस्तुत: हरिजनो की आर्थिक अवस्था में कुछ सुधार करना है और परिवर्त्तन लाना है तो हमें इन बातो की ओर ध्यान देना होगा।

मै समझता हूं कि जैसी हालत हमारे पिछड़ी जाति वालों की दिल्ली में है उससे भी बदतर हालत उनकी दिल्ली के बाहर अन्य स्थानों पर है। किसी भी जाति के उत्थान के लिए या उसको उन्नत होने के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता जो होती है वह उसके सामाजिक स्तर को ऊंचा करने की होती है। समाज में उसका सम्मान हो और उसमें शिक्षा का प्रसार हो और शिक्षा के अलावा उसकी आर्थिक अवस्था ठीक हो। यदि यह सब बातें हों तो वह जाति उन्नति कर जाती है लेकिन यदि वह सब बातें न हों तो वह जाति गिरती चली जाती है।

यहां पर आध्यात्मिक बातें भी कही गईं, मंदिरो की बातें भी कही गईं। यह ठीक है कि जहां तक समाज का सम्बन्ध है और आध्यात्मिकता का प्रश्न है जो हिन्दू धर्म को मानने वाले है जिनकी कि आस्था और विश्वास हिन्दू धर्म मे है उनका वह अधिकार भी है कि में भी सवर्ण हिन्दुओ के समान मंदिरो में जायें और वहा बैठ कर पूजा करे। किन्तु जहां तक मेरे अपने निजी विचारो का सम्बन्ध है मैं तो इस विचार का समर्थक हूं कि भूखे भोजन न होत गोपाला, यह लो अपनी कठी माला। पहले पेट का ख्याल किया जाता है बाद में भगवान् को याद किया जाता है। जब इसान भूख से तडप रहा हो तो भगवान याद नही आते है। उसको भगवान ज्यादा याद आता है यह ठीक है किन्तु यह भी सत्य है कि नास्तिक भी हो जाता है। जब भूख की चोटें उस पर अत्यधिक पडने लगती हैं तो उसका विश्वास भगवान् पर से उठ जाता है। आज हरिजनों की यही हालत है। आज हरिजन निरन्तर आर्थिक दबाव के नीचे दबते चले जा रहे हैं और दिन पर दिन उनकी अवस्था शोचनीय होती जा रही है और उनके उत्थान और उन्नति का कोई रास्ता नजर नही आ रहा है और ऐसी हालत में आप स्वयं समझ सकते हैं कि वह क्या करेगा ? क्या वह उन मंदिरो में रखी मूर्तियो की आराधना करेगा और उन से प्रार्थना करेगा कि मेरी उन्नति हो जाय, मुझे शिक्षा मिल जाय, मैं आगे बढ़ू, मेरी जाति आगे बढ़े, हम उन्नति करे और अपने देश के लिए लाभप्रद हो जायें ? मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन सब बातों से हमारा उद्देश्य पूरा नहीं होने वाला है। वह पूरा इस बात से होने वाला है कि उसे समाज में सम्मान मिले उसे शिक्षा मिले और वह आगे बढ़े।

[श्री नवल प्रभाकर]

जहां तक शिक्षा का संबंध है, यह सही है कि हम में से बहुत सारे नौजवान पढ़ रहे हैं। किन्तु वे आखिर कितना पढ़ पाते हैं ? कोई आठ जमायत तक और कोई दस जमायत तक। और पढ़ने के बाद भूख का चक्कर उस के सामने आता है। वह बाबू बनने के लिए एम्पलायमेंट एक्सचेंज जा कर अपना नाम दर्ज करवाता है और दफ्तरों के दरवाजे खटखटाता है। आज हालत यह है कि हरिजनों के लिए जगहों के खाली होते हुए भी उस को बार-बार दफ्तरों के दरवाजे खटखटाने पड़ते हैं। आज भी हरिजनों के विषय में यह देखा जाता है कि वे प्रथम श्रेणी में पास हैं, द्वितीय श्रेणी में पास हैं या तृतीय श्रेणी में पास हैं। मैं अपने यहां का एक हदाहरण देना चाहता हूं। टीचर्ज ट्रेनिंग का मामला था अध्यापकों के प्रशिक्षण का। अव्वल तो हमारे यहां लड़कियां पढ़ती नहीं है। छः लड़कियों ने, जो कि मैट्रिक पास थी, चाहा कि वे प्रशिक्षण लें और वे गईं। छः स्थान खाली थे और छः ही लड़कियां वहां गई। किन्तु अन्य लोगों की तरह से उन की परीक्षा ली गई और उस के बाद उन सब को छोड़ दिया गया। जब मैं ने इस विषय में लिखा, तो मुझे मालूम हुआ कि यदि उन के ३३ प्रतिशत भी नम्बर आते, तो उन को ले लिया जाता, क्योंकि दूसरों को ४० प्रतिशत नम्बर प्राप्त करने पर लिया जाता है। मेरी समझ में यह नहीं आता कि जब किसी पद या कोर्स के लिए एक योग्यता निर्धारित की जाती है, और कोई उतनी योग्यता वाला व्यक्ति प्रशिक्षण लेने के लिए जाता है, तो इस तरह की नीति क्यों अपनाई जाती है। यह स्पष्ट था और फ़ार्म में लिखा था कि जो भी मैट्रिक पास होगा, उस को अवसर मिलेगा, लेकिन मैट्रिक पास लड़कियां जाती हैं और उन को अवसर नहीं दिया जाता है। मंत्री महोदय ने कृपा कर के एक लाइन यह और बढ़ा दी कि रिजर्वेशन में जो स्थान भरे नहीं जायेंगे, उन को आगे के लिए भी छोड़ लिया जायेगा। मैं समझता हूं कि आगे भी यही हाल होगा, क्योंकि सम्भवतः इस वर्ग के लोग ४० परसेंट या ३३ परसेंट नम्बर नहीं ले सकेंगे और उस अवस्था में यही होगा।

रिजर्वेशन के सम्बन्ध में बहुत कुछ कहा गया है। मैं इतना ही कह सकता हूं कि जो रिजर्वेशन है वह आगे भी रहना चाहिए। मैं रिजर्वेशन के बहुत हक में नहीं हूं, किन्तु मैं जब इस अवस्था को देखता हूं .....

सभापति महोदय: अब माननीय सदस्य समाप्त करने का प्रयत्न करें।

श्री नवल प्रभाकर: मैं ने अभी आरम्भ किया है।

सभापति महोदय: बात यह है कि हर एक सदस्य को दस मिनट का टाइम मिलेगा।

आठ मिनट हो गए हैं, दो मिनट माननीय सदस्य और ले सकते हैं।

श्री नवल प्रभाकर: अच्छा।

जहां तक रिजर्वेशन का सम्बन्ध है मैं देखता हूं कि आज भी अवस्था कुछ अच्छी नहीं है। संविधान की भावना तो यह है कि हम दस बरस में और लोगों के स्तर के बराबर इस पिछड़े हुए सवर्ग का स्तर ले आयेंगे। यदि आज वह स्तर आ जाता, तो मैं आगे के लिए न कहता।

श्री वाल्मीकी (बुलन्दशहर-रक्षित-अनुसूचित-जातियां): दिनों दिन स्तर गिरता जा रहा है।

श्री नवल प्रभाकर: आज अवस्था यह है कि हम में कितने डाक्टर या इंजीनियर हैं? जो हरिजन लड़के मिडल पास कर के हायर सैकंडरी में जाते हैं, उन को साइंस का विषय मिलना कठिन हो जाता है। अगर वह साइंस में पास नहीं होगा, तो उस के लिए

उन्नति के सब द्वार बन्द हो जाते हैं और इस लिए जाहिर है कि वह दस जमायत पास कर के बाबू, क्लार्क, बनेगा। माननीय मंत्री महोदया यहां नहीं हैं। रेलवे मंत्री हैं। अगर वह नोट करना चाहें, तो कर लें।

**रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां)**: मैं सब नोट कर रहा हूं।

**श्री नवल प्रभाकर**: अगर उन लोगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई, तो वे इसी तरह दफ्तरों की खाक छानते रहेंगे। आज सरकार को इंजीनियरों, ओवरसीरों और डाक्टरों की जरूरत है। मैं चाहता हूं कि सरकार कृपा कर के उन को इन लाइनों में लेने का प्रयत्न करे, अगर वह वास्तव में उन की उन्नति चाहती है। नहीं तो बेकारी में और वृद्धि होगी और हरिजनों की कोई उन्नति नही होगी।

अन्त में दिल्ली की एक बात कह कर मैं समाप्त करता हूं। पुलिस के सम्बन्ध में मै ने बहुत लिखा-पढ़ी की और बहुत कुछ कहा और उस का परिणाम यह हुआ कि मुझे डी० आई० जी०, पुलिस, ने एक पत्र लिख दिया कि आप के पास पुलिस के लिए जितने व्यक्ति हों आप दीजिये। मैं ने एम्पलाइमैंट एक्सचेंज से इस बारे में मालूम किया, तो उन्होंने कहा कि जितने व्यक्तियों की आवश्यकता हो, हमें लिखा जाय और हम उस योग्यता के व्यक्तियों को देने के लिए तैयार हैं। मै ने पुलिस अधिकारियों से कहा, तो मुझे कहा गया कि हम तो सीधी भरती करते हैं। यह बड़ा विचित्र तर्क है।

अन्त में एक बात और कह कर मैं बैठ जाता हूं। बहुत कहा जाता है कि हरिजनों के लिए इतना रुपया दिया गया है। और राज्यों का तो मुझे पता नहीं है। दिल्ली का मुझे पता है। जब कभी कोई बाढ़ आती है या तूफ़ान आता है और हरिजनों की झोंपड़ियां उड़ जाती हैं, बाढ़ में बह जाती हैं और अगर यह कहा जाता है कि इन लोगों को झोंपड़ियां बनाने के लिए कोई सहायता दी जाय, तो जवाब दिया जाता है कि हरिजन वैलफ़ेयर बोर्ड इस की व्यवस्था करेगा। हरिजन वैलफ़ेयर बोर्ड वाले कहते हैं कि इस के लिए कोई अनुदान नहीं रखा हुआ है और जो जनरल फ़ंड है—सार्वजनिक व्यय की जो राशि है, उस में उन के लिए कोई स्थान नहीं है यहां कहा गया कि जेनरल फंड में से उन के लिए खर्च किया जाता है और उन के साथ सब के समान व्यवहार किया जाता है। लेकिन दिल्ली का मुझे अनुभव है कि जनरल फंड में से हरिजनों को एक पाई भी नहीं मिलती है।

**एक माननीय सदस्य**: बाकी जगह भी ऐसी ही है।

**श्री नवल प्रभाकर**: जो हरीजनों का फंड है, उस का एक-चौथाई भाग वेतनों आदि में निकल जाता है और जो बाकी तीन-चौथाई है, उस को भी बहुत अंश में दुरुपयोग किया जाता है और जो ठीक उपयोग में आता है, वह पढ़ाई के विषय में आता है। मेरा कहना है है कि अब आठ वर्ष समाप्त हो गए हैं और दो वर्ष और शेष हैं। दो भी नहीं, एक ही बाकी रहा है। इस एक साल में अनुसूचित जाति और आदिम जाति के लोग कहां तक उन्नति करेंगे? जो कुछ नौसाल में नहीं हो सका है, वह एक साल में कैसे हो सकेगा? क्या इस हाउस में या बाहर अल्लादीन का चिराग़ घिसा जायगा और उस से एकाएक क्रान्ति आ जायेगी और उन लोगो की अवस्था में एकाएक परिवर्तन आ जायगा? आज जिस हरिजन का पेट पीठ से लगा है, जिस की बगुले की सी सींक सी टांगें हैं, जिस की आंखें धंसी हुई हैं, जिस के स्वास्थ्य की यह दशा है, वह क्या करेगा? मैं कविता की दो पंक्तियां कह कर बैठ जाता हूं। मंत्री महोदय से मेरी प्रार्थना है कि वह इस बात को सुनें।

सब के पास हो धरा, सभी के पास धाम हो,
सब को अन्न-वस्त्र हो, सभी के पास काम हो।

**Mr. Chairman:** Shri Padalu. The hon. Member will speak in Telugu.

*Shri K. V. Padalu (Golugonda—Reserved—Sch. Tribes): Mr. Chairman, Sir, I congratulate the Government for the various steps undertaken by them to improve the lot of the Scheduled Castes and Tribes. It is because of the various welfare schemes of the Government that people belonging to the Scheduled Tribes have come out of darkness and are able to enjoy the benefits of civilisation.

This, I submit, should not, however, make us complacent. Much more in the direction of improvement and welfare of the Scheduled Tribes remains to be done For example, the Scheduled areas are as backward in matter of education as ever. There are in Andhra Pradesh about 11,49,919 people belonging to the Scheduled Tribes. Half of them would be women. Practically all the women are illiterate. Even among men there are very few who can read and write the regional language. Why is it that the tribal people are still so backward in education?

It is true that in some of the primary schools, facilities such as free boarding and clothing are provided. But this does not solve the problem of education of the tribal people. So far, no high school has been opened in the tribal area of my constituency. The boys who complete their elementary and middle school education have perforce to suspend their education. Their parents are not prepared to send their children to far-off places for education. They are not trained like the people in the plains and other areas to send the boys to towns for higher education

16.17 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

Therefore, Government should think in terms of establishing high schools right in the heart of the tribal areas.

I sincerely feel that the matter is one involving serious consequences. Boys who have studied for a few years, say, up to VIII standard, are unable to go for higher education and, therefore, suspend their schooling. This class of neo-Tribes are neither sufficiently educated so as to derive fully the benefits of education nor do they have the age old habits of working with their parents in order to eke out a living. This class of boys, I am afraid, would not bring any kind of credit to the tribal people. On the other hand, they may create a dangerous situation in the tribal area, and it needs to be prevented. May I request the Government to consider the seriousness of the situation and do something in the matter?

Sir, it is stated in the Report of the Commissioner for the year 1956-57 that the Government had decided to establish an agricultural farm in Chintapalli village of Andhra State. So far, it had not been established It is needless to point out how useful such an agricultural farm would be to the tribal people belonging to the Andhra State. A large number of the tribal people of Andhra State live in and around Chintapalli. Their chief occupation is agriculture. An agricultural farm would go a long way to improve agriculture of the tribal people. May I request the Government to implement their plan of establishing the farm as early as possible?

Sir in the tribal area of my constituency, the Government of Andhra Pradesh has established recently a Finance Corporation, the chief object of which, I believe, is to offer loans to the tribal people. But, in actual experience, the tribal people find it very difficult to obtain loans from he Corporation. The Government should devise ways and means to liberalise

*Translation in English of the speech delivered by the hon. Member in Telugu.

the method of granting loans from the Finance Corporation.

The Finance Corporation has been authorised by the State Government to have a monopoly in the purchase of forest produce in the tribal area. This is established in order to safeguard the interests of the tribal people But in practice, this has resulted in creating a feeling among the tribal people that the Finance Corporation is not giving a proper price for their produce and that they are precluded by Government from selling their goods in the private market where they feel they would get a higher price. I, therefore suggest that Government should, while continuing the cooperatives run by the Finance Corporation, allow the private dealer also to have his trade. The tribal people would then encourage the institution which is profitable to them. The people in the tribal areas are slow to change and therefore, the State should try to introduce changes by slow degrees alone. The tribal people are like wards of the State; the State should take foremost interest in their welfare and promote it.

I thank you, Sir, for the opportunity you have given me today to speak on this subject.

**Mr. Deputy-Speaker:** Shri Ramji Verma. I am sorry; not more than ten minutes are available to each hon. Member.

**An Hon. Member:** Why, Sir.

**Mr. Deputy-Speaker:** If the hon. Members so agree, double the number could be accommodated.

**श्री रामजी वर्मा** (देवरिया) : उपाध्यक्ष महोदय, संविधान में कुछ वर्गों के लिये कुछ सुविधायें, कुछ विशेष सुविधायें शैड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स को दी गई हैं। इस का नतीजा यह हुआ है कि ऐसा प्रतीत होने लगा है कि दो वर्गों का, दो जातियों का कोई संघर्ष सा इस मुल्क में है ? इस से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि उच्च वर्ग, कास्ट हिन्दूस से हमारे पिछड़े भाई, हमारे हरिजन भाई बहुत परेशान रहे हैं, और साथ ही साथ समाज ने भी उन को बहुत परेशान किया है। किन्तु आज स्वतंत्रता के युग में इस प्रश्न को मैं समझता हूं कि इस दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिये कि जो हमारे पिछड़े हुए भाई हैं, शिक्षा और दूसरे आर्थिक मामलों में चूंकि वे हीन रहे हैं, इस वास्ते उन की सामाजिक स्थिति नीची रही है और उन को सम्मान प्राप्त नहीं हुआ है। उन में भी जो आर्थिक दृष्टि से आगे बढ़ चुके हैं, उन को सारी सुविधायें प्राप्त हैं, सभी सुविधाये जो उच्च वर्ग के लोगों को प्राप्त हैं, उन को भी प्राप्त हैं। मैं जानता हूं कि अब जब मुल्क आजाद हो चुका है और लोग स्वतः ही काम करते हैं, तरक्की करने की लोगों में भावना है, वहां हर मामले में, हर चीज में सरकार की ओर देखना कि वह उन की तरक्की करे, वह उन के लिये सभी काम करे, वही उन को आगे बढ़ाये, मैं समझता हूं कि इस से पराधीनता की भावना पैदा होती है और इस से हम को कुछ मुक्ति प्राप्त करनी चाहिये। हर बात के लिये हम को सरकार का मुंह नहीं ताकना चाहिये, सरकार की ओर नहीं देखना चाहिये, उसी पर निर्भर नहीं करना चाहिये।

किन्तु आज स्वतः सरकार ऐसे-ऐसे कामों में और कम से कम आर्थिक प्रगति के रास्तों में रोड़ा बन कर जब आती है, तो सभी निर्धन लोगों को सरकार की तरफ ताकने का, सरकार से लड़ने का, सरकार से कुछ कहने का और सरकार से शिकायत करने का अवसर मिल जाता है। लेकिन मैं इस प्रश्न को किसी और ही दृष्टि से देखता हूं। मैं समझता हूं कि यह कहना कि ये पिछड़े हुए हैं, ये हीन हैं, ठीक नहीं है, वे आज पिछड़े हुए नहीं हैं। मैं तो यह देखता हूं कि इतिहास में हमारे जो बड़े-

[श्री रामजी वर्मा]

बड़े रिफार्मिस्ट नेता हुए हैं, राजा राम मोहन राय जैसे या दयानन्द सरस्वती जी जैसे और जो अपने नाम कर गये हैं, इतिहास बना गये हैं, उन्हों ने जो कुछ समाज कल्याण के नाम पर काम किया है, या सुधार किये हैं, सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई है, स्त्रियों में परदा प्रथा है, उस के खिलाफ विद्रोह किया है, विधवा विवाह और तलाक प्रथा इत्यादि के पक्ष में आवाज उठाई है छुआछूत दूर करने की कोशिश की है, इन सब कामों को करने से आज भी लोगों द्वारा वे पूजे जाते हैं। आज भारतवर्ष को जिस संस्कृति को अपनाना है, जिस तरह की समाज का निर्माण करना है, जिस तरह की तरक्की करनी है और जहां इस को पहुंचाना है, उस में उच्च वर्ण के जो लोग हैं, उन से अधिक आशा नहीं की जा सकती है। जितने भी दुर्गुण हैं, वे उच्च वर्गों में ही हैं और उन्हीं का सुधार करने की सर्वप्रथम आवश्यकता है। जिन खूबियों के कारण या गुणों के कारण ये सवर्ण लोग, हिन्दू कहे जाने वाले लोग आगे बढ़े हुए हैं, आज वही गुण उनके रास्ते में वही रोड़ा हैं। उन के यहां पर्दा प्रथा है, उन के यहां विधवा विवाह नहीं होता है और जब यहां डाइवोर्स के बारे में बिल पेश हुआ था तो वे घबरा उठे थे, तिलमिला उठे थे।

मैं समझता हूं कि हमारा पिछड़ा हुआ जो वर्ग है, हिन्दुस्तान का और जो शेड्यूल्ड कास्ट और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग हैं, उन में ये रोग नहीं हैं। वह भारतमाता के सही मायनों में सच्चे सपूत हैं। उन में वह सब गुण विद्यमान हैं जिन को कि उच्च वर्ण वालों को अंगीकार कर के आगे बढ़ना है। आप कहते हैं कि विदेशियों से हम इन चीजों को और गुणों को लेते हैं मगर मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि आप को इन गुणों को सीखने और लेने के लिये विदेशियों का मुंह ताकने की जरूरत नहीं है खुद आप के घर में यह गुण मौजूद हैं और जिन को कि आप छोटा भाई कहते हैं, पिछड़े हुए लोग कहते हैं, उन में यह सारे गुण मौजूद हैं। कल्चर के प्रति उन की आस्था है। हर चीज में वे बढ़े हुए हैं। आज दुनिया में श्रम का महत्व है और कोई कौम जिन्दा नहीं रह सकती और उस का कोई आदर व सम्मान नहीं हो सकता जोकि श्रम के महत्व को नहीं जानती और जो कि श्रम से परहेज करती है। भारतवर्ष के लोगों की सब से बड़ी खराबी यह है कि यहां के लोग श्रम से परहेज करते हैं। जो व्यक्ति श्रम करता है परिश्रम करता है उस को तो वह हेय समझते हैं और जो व्यक्ति आराम से गद्दी पर बैठा रहता है और कोई भी काम नहीं करता है उस की वे इज्जत करते हैं। हमारी यह प्रवृत्ति है और इसी कारण हमारे लोग श्रम से दूर भागते हैं और जितने भी बड़ी जाति के लोग हैं और जो धनी मानी हैं उन में यह ऐब और खराबी मौजूद है। मैं तो अपने समाजवादी कहे जाने वाले भाइयों और मार्किस्ट बन्धुओं को जोकि श्रम के झंडे को आगे बढाते हैं उन से कहना चाहूंगा कि अगर हम को श्रम का सबक कहीं सीखना है तो वह रूस अथवा और किसी विदेशी राष्ट्र से नहीं सीखना है बल्कि उस श्रम के महत्व को हमें अपने पिछड़े भाइयों से सीखना है।

इस सम्बन्ध में वह हम सवर्ण हिन्दुओं से कहीं आगे है और कौन कहता है कि वह बैकवर्ड है। आज समाज का झंडा उन के हाथ में हो सकता है लेकिन यह खुद रोना रो रहे हैं कि हम बहुत पिछड़े हुए हैं और मै समझता हूं कि उन के लिये ऐसा समझना बिलकुल ही गलत है और मैं तो कहूंगा कि वे हर माने में आगे बढ़े हुए हैं। जो हमारे में दुर्गुण हैं जो यहां के सवर्णों में दुर्गुण हैं उनसे वे मुक्त हैं उनसे अगली संस्कृति और जो समाज आने वाला है उस का और हिन्दुस्तान का नाम रौशन होने वाला है। श्रम का झंडा उन्हीं के हाथ में है और मैं तो समझता हूं कि उन को दिल में दिलेरी और आत्मविश्वास की भावना

के साथ यह ऐलान कर देना चाहिये कि हिन्दुस्तान की बागडोर और देश को आगे ले जाने का झंडा उन के हाथ में है। आज हिन्दुस्तान के नागरिक ब्राह्मणों के पीछे नहीं जा सकते हैं। उन को तो श्रमिकों के पीछे जाना पड़ेगा और वह हमारे शेड्यूल्ड कास्ट्स और शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग हमारे नेता व रहनुमा हैं लेकिन अफ़सोस का विषय यह है कि आप खुद समझने लगते हैं कि हम पीछे हैं और अपने पिछड़ेपन का खूब आये दिन रोना रोते रहते हैं तो मुझे यह देख कर हैरत होती है और दिल में एक दुःख व निराशा की भावना पैदा होती है। मैं समझता हूं कि हमारे भाइयों को इस मनोवृत्ति का त्याग करना चाहिये और उन को निराश नहीं होना चाहिये और इस ऐतिहासिक घड़ी में जो जिम्मेदारी उन के हाथ में है उस को वे योग्यता से सम्हालें और बाकी वर्णों के लोगों को श्रम का महत्व सिखायें ताकि अन्य जाति वाले भी श्रम करने से परहेज न करें। इसलिये मैं चाहता हूं कि हमारे भाई आगे बढ़ कर अन्य जातियों के लोगों का इस मामले में पथ प्रदर्शन करें।

यहां पर कोआपरेटिव फार्मिंग का भी जिक्र हुआ। कोआपरेटिव फ़ार्मिंग के सवाल को ले कर हमारे एक भाई को घबराहट हो गई और हमारे श्री मसानी को उस के कारण इतनी घबराहट हो गई कि वे यह कहने लग गये कि अगर यहां पर कोआपरेटिव फ़ार्मिंग जारी की गई तो देश में क्रांति हो जायगी। लेकिन मैं तो समझता हूं कि इस के लिये श्री मसानी की इतनी घबड़ाने की जरूरत नहीं है। इस देश में सहकारी कृषि सफल होनी चाहिये और वह होगी बशर्तेकि उस को ठीक ढंग पर चलाया जाय। आज जिस ढंग से उस को बढ़ाया जा रहा है उस में इस बात का खतरा है कि आफ़िशिएलडम न आ जाय। इस बात के लिये हमें सतर्कता बर्तनी होगी। कोआपरेटिव फ़ार्मिंग अगर देश में पनपती है तो उस में भी श्रम का महत्व होगा और उस में उन का भी महत्व बढ़ेगा जोकि किसान कहलाते हैं और उस में भी आप का महत्व बढ़ेगा और उस का झंडा भी आप के हाथ में है . . . . . .

श्री वाल्मीकी : वह तो ठीक है लेकिन उच्च वर्ग वालों की चौधराहट से डर लगता है।

श्री रामजी वर्मा : घबड़ाइये नहीं यह जो उन की काम और श्रम से जी चुराने की मनोवृत्ति है यह बीमारी उन को खा कर ही दम लेगी। सरकार जिस ढंग से कोआपरेटिव फ़ार्मिंग चला रही है उस में आफ़िशिएलडम आने का खतरा है और अगर ऐसा हुआ तो यह योजना तो विफल होगी ही साथ में हमारे मजदूर वर्ग को भी चट कर जायगी। इसलिये इस में विशेष सावधानी बर्तने की जरूरत है और इस मुल्क में मजदूर वर्ग और किसान वर्ग मिल कर कोआपरेटिव फ़ार्मिंग को सफल बनायें और उस का भी नेतृत्व आप के हाथ में है। इसलिये इस से घबराने की बात नहीं है और उस को समझदारी के साथ आत्मविश्वास के साथ और इनफ़ीरियार्टी कम्पलेक्स को हटा कर आगे बढ़ाने की जरूरत है। हिम्मत से आगे बढ़िये। भविष्य आप के हाथ में है।

श्रीमती गंगा देवी (उन्नाव—रक्षित-अनुसूचित जातियां) : उपाध्यक्ष महोदय, आज सदन में शेड्यूल्ड कास्ट्स, शेड्यूल्ड ट्राइब्स एंड बैकवर्ड क्लासेज के कमिश्नर महोदय की रिपोर्ट के ऊपर चर्चा हो रही है। अब देखना यह है कि समस्त भारतवर्ष की अनुसूचित आदिम जातियों और बैकवर्ड क्लासेज के अपलिफ्ट का जो भार सरकार ने आयुक्त महोदय के कंधों पर रक्खा है उस को उन्हों ने कैसे वहन किया है और उन्हों ने अपने भाइयों को अब तक कितनी सुविधा और राहत पहुंचाई है। मैं

[श्रीमती गंगा देवी]

बहुत थोड़े समय में अपनी बातों को खत्म करना चाहती हूं ।

अभी हमारे दातार साहब ने बहुत सुन्दर भाषण दिया और उस से हमें यह पता लगा कि अछूतों के अपलिफ्ट के वास्ते शिक्षा, हाउसिंग और बहुत से कामों में जो रुपया खर्च हो रहा है उस की सही रिपोर्ट उन को पता नही चल सकती ।

अभी शिक्षा की बात हो रही थी और उस के बारे में बहुत कुछ कहा जा सकता है । हमारे अन्य भाइयों ने उस के सम्बन्ध में बहुत कुछ कह दिया है । मुझे तो केवल इतना ही कहना है कि उन्हों ने जो कहा कि हर एक विद्यार्थी को रुपया दिया गया और सब को वजीफा मिल चुका तो यह बात बिल्कुल ग़लत है । मैं नही समझ सकती कि कौन सी प्रणाली वजीफा देने में प्रयोग में लाई जाती है ? जब गवर्नमेंट ने एक यह नियम बनाया है कि अच्छे नम्बरो से पास होने वाले विद्यार्थियों को आगे शिक्षा प्राप्त करने के लिये पूरी मदद दी जायगी, वजीफे दिये जायेंगे तो क्यों नही यह नियम सही तरीके से पालन होता है ? विद्यार्थियों से वैरेंस लिया जाता है और उस उम्मीद पर लड़के और लड़कियां कालिजों मे नाम लिखवा लेते है लेकिन बीच मे उन को लटका दिया जाता है । पूरे का पूरा साल खत्म हो गया लेकिन अभी भी वही हालत है जोकि पहले थी । मै तो समझ नही सकती कि किस तरीके से उन को वजीफ़े दिये गये और मैं तो समझती हूं कि अभी तक भी किसी भी लड़के को वजीफ़े नहीं मिले....

एक माननीय सदस्य : अभी तक भी नहीं मिले है ।

श्रीमती गंगा देवी : जहां तक मै ने पता लगाया जनवरी तक तो उस का कोई निर्णय नहीं हुआ । और मेरा तो कहना है कि अगर नहीं बाद में इस तरह उन का दम निकाल कर वजीफ़ा दे भी दिया तो वह देना नहीं है । मैं अपने यहां के कितने केसेज ऐसे बतला सकती हूं और मेरे पास कोई ६०, ७० चिट्ठियां ऐसे लड़के और लड़कियों की आई हैं जिन्हों ने वजीफ़े के बारे में मुझे लिखा था कि हमें यह बतला दिया जाय कि हमें वजीफा मिलेगा कि नही । अगर हमें वजीफ़ा नही मिलने वाला है तो फिर हम यही पर अपनी पढ़ाई खत्म करते है । वे हमें लिखते है कि हमें इस तरह से परेशान किया जा रहा है । अब आप ही हमें बतलाइये कि हम इस का उन को क्या जवाब दिया करे । हम उन लोगों से कह देते हैं कि हम क्या करे हमें कोई सही जवाब नही मिलता । ऐटा में एक कालिज है वहा के होस्टल में क़रीब ६०, ७० लड़के शेड्यूल्ड कास्ट के है । उस कालिज के जो प्रिंसिपल साहब है वह हमारे श्री विशम्भर दयाल त्रिपाठी के सुपुत्र है उन को जब जनवरी तक कोई वजीफा नही मिला और बेचारो को फाके से दिन काटने पडे तो उन्हो ने कालिज के फंड मे से कुछ रुपया उन को दिया और इस तरह उन का खर्चा चला लेकिन ऐसे कहा तक चल सकता था । वह यहा आये और मुझ से इस के बारे मे बातचीत की । उन्हों ने बतलाया कि अगर वजीफा मिलेगा तो मै कालिज मैं उनका खर्च चलाऊंगा वरना और बाद मे उस को काट लूगा । जब मैं ने इस के बारे में पता लगाया और अंडरसेक्रेटरी एजुकेशन बोर्ड से इस बारे में जब मै मिली तो उन्हों ने बतलाया कि अभी यह सवाल हमारी किसी मीटिंग में तय नहीं हुआ है और जब इस के बारे में हम कोई फ़ैसला कर लेंगे तो हम इस की आप को सूचना दे देंगे । तो मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि सरकार और उस के प्रशासकीय कर्मचारियों का वजीफ़ा आदि देने का यह तरीक़ा है । अब एक तरफ़ तो हम यह कह देते हैं कि हम फ़लां-फ़लां कामों के वास्ते अछूत भाइयों को इतने रुपये की

सहायता दे रहे हैं लेकिन वास्तव में हम देखते हैं कि वह सहायता उन को वक्त पर नहीं मिल पाती है और जिस तरीके पर कि उन पर अमल होना चाहिये वह नहीं होता है और यही कारण है कि हमारे शेड्यूल्ड कास्ट के भाइयों को आज भी काफी मुसीबत व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

अब शेड्यूल्ड कास्ट्स कमिश्नर की रिपोर्ट को उठा कर जब हम देखते है तो हम पाते है कि अनटचेबिलिटी के वास्ते उन में शिक्षा का प्रचार करने के वास्ते और अन्य उपयोगी कार्यों के वास्ते इतनी-इतनी धनराशि रक्खी गई है, एजुकेशन में इतनी रकम रक्खी गई है और अनटचेबिलिटी के वास्ते इतनी रकम रक्खी गई है, इतना रुपया हाउसिंग के लिये दिया गया, इतना रुपया दूसरे किसी काम के लिये दिया गया, इस तरीके से आकडे गिनने को मिलते है ।

जहा तक एजूकेशन का सम्बन्ध है, अगर सरकार ने इसी तरीके से वजीफे देने है, तो फिर इस व्यवस्था को खत्म ही कर दिया जाय । इस तरह से बीच में लटका कर लडको को परेशान करना ठीक नही है । यदि स्कालरशिप्स बोर्ड को अच्छे तरीके से नही चलाया जा सकता, तो गवर्नमेंट को चाहिये कि ऐसे होस्टल्ज खोले जायें, जहां बिल्कुल फ्री एजूकेशन दी जाये । अगर वजीफे देने का कोई नियम न रहे और सारा खर्च—बोर्डिंग, लाजिंग, ट्यूलन फ़ीस और किताबों का खर्च—सरकार अपने हाथ में ले, तो यह ज्यादा अच्छा होगा । लड़कियों के लिये कुछ ऐसे होस्टल होने चाहियें, जहां उन को शुरू से ले कर आखिर तक पूरी एजूकेशन दी जाये । अगर सरकार सामाजिक सुधार चाहती है, तो लड़कियों की शिक्षा बहुत जरूरी है । उन को बहुत अधिक पढ़ाना जरूरी नहीं समझा जाता, लेकिन सामाजिक सुधार की दृष्टि से उन को शिक्षा देना निहायत जरूरी है । मैं समझती हूं कि इस पर गौर किया जायेगा । गरीब लोग अपने लड़के-लड़कियों को शिक्षा दिलाने मे असमर्थ होते हैं । अगर इस सम्बन्ध में रिजर्वेशन की व्यवस्था की जाय, तो अच्छा होगा ।

जमीन के बारे में मैं कहना चाहती हूं कि आज देश के सामने खाद्य समस्या का प्रश्न है और दूसरी तरफ़ प्रश्न है अन-एम्पलायमेंट का । यदि हम एक समस्या को हल करते हैं, तो दूसरी समस्या अपने आप हल हो जाती है । बहुत सारी जमीन ऐसी पड़ी है, जोकि खेती में अच्छी तरह से यूटिलाइज हो सकती है । आज खेतिहर मजदूर, जिन के पास जमीन नही है, भूखे, बेकार और परेशान है । अगर यह जमीन उन को दे दी जाय जोतने के लिये, तो खाद्य समस्या का हल हो सकता है और उन की बेरोजगारी भी दूर हो सकती है । हम चाहते है कि जमीन का वितरण सही तरीके से हो ।

जहां तक फोर्स्ड लेबर का प्रश्न है, अभी हमारे गृह मंत्री महोदय ने बड़े जोरदार शब्दो में यह कहा कि आज कही पर भी फ़ोर्स्ड लेबर नही ली जाती है—बेगार नहीं ली जाती है, लेकिन कई उदाहरण हमारे सामने हैं, इस प्रकार की कई घटनायें हमारे सामने घटती हैं, क्योंकि हमें पब्लिक मे जाना पड़ता है । सारी रिपोर्ट्स हमारे सामने आती हैं कि किस प्रकार से बेगार ली जाती है । अभी हाल की बात है कि मेरठ के एक गाव में श्रमदान हो रहा था । वहा के त्यागियों ने हरिजनो को कहा कि आप को फ़लां काम पर जाना है । हरिजनों ने कहा कि हम ने श्रमदान पर जाना है । इस पर त्यागियों ने कहा कि हम देख लेंगे और दूसरे दिन एक हरिजन को बहुत मारा गया और वह वहीं पर मर गया । इस की रिपोर्ट शिड्यूल्ड कास्ट्स कमिश्नर के पास गई । कमिश्नर साहब की पूरी किताब में इस प्रकार का कोई दृष्टान्त नहीं मिलता है । इस रिपोर्ट को देखने से तो यह पता लगता है कि कहीं पर भी फ़ोर्स्ड लेबर नहीं है और बेगार प्रथा बिल्कुल खत्म हो गई है । हम चाहते हैं कि जहां कमिश्नर साहब

[श्रीमती गंगा देवी]

इतनी बातों को हमारे और पब्लिक के सामने रखते हैं कि हरिजनों के लिये बहुत कुछ किया जा रहा है, वहां जो कमियां हैं, उन की तरफ़ भी वे ध्यान दिलायें । अगर ऐसा नहीं किया जायगा, तो उन कमियों को दूर कैसे किया जा सकेगा और जो त्रुटियां हैं, उन का सुधार कैसे हो सकेगा ?

आज अनटचेबिलिटी रिमूवल के लिये बहुत रुपया खर्च किया जा रहा है लेकिन अगर उस के साथ-साथ हरिजनों को कुछ घरेलू धन्धे और अपने कारोबार खोलने के लिये कुछ रुपया सही तरीके से दिया जाय, तो उन की आर्थिक समस्या सुलझेगी और उस से छूआछूत अपने आप दूर हो जायेगी । क्योंकि जब आदमी के पास पैसा होता है, तो उस को अपने रहन-सहन और खान-पान का ज्यादातर ध्यान अपने आप आ जाता है । मैं चाहती हूं कि सरकार की स्कीमों के अन्तर्गत ज्यादा से ज्यादा इंडस्ट्रीज और को-आपरेटिव्ज और बहुत से घरेलू धन्धे देश में चलाये जायें । उन हरिजनों को, जिन के पास कोई भी कारोबार नहीं है, कोई रोजगार नहीं है, किसी किस्म का भी अपना धन्धा नहीं है, छोटी इंडस्ट्रीज के लिये, घरेलू धन्धों के लिये खास तौर से रुपया देना चाहिये ।

आज हमारे देश का चर्मकार बिल्कुल निहत्था हो गया है । उस के बल पर बड़ी-बड़ी कम्पनियां--बाटा कम्पनी, आहूजा कम्पनी, फ्लैक्स कम्पनी वगैरह--पनप रही हैं, लेकिन चर्मकार मजदूरी पर अपना निर्वाह करता है । मेरा निवेदन है कि जहां देश में खादी बोर्ड और हैंडलूम काम कर रहे हैं, वहां एक लैदर बोर्ड भी होना चाहिये और वह लैदर बोर्ड उन चर्मकारों को सहायता और प्रोत्साहन दें, जिस से हमारा लैदर अच्छी तरह से हो सके ।

अब मैं सोशल वैलफ़ेयर बोर्ड के बारे में विशेष रूप से कहना चाहती हूं, क्योंकि उस में सरकार का--देश का करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है । लेकिन जहां पर वेलफ़ेयर होना चाहिये, वहां उस का नाम मात्र भी नहीं होता है । जैसाकि अभी उनके भाई ने कहा है, जहां आवश्यकता है, वहां सोशल एक्टिविटीज नाम-मात्र के लिये भी नहीं है । वहां पर लोग जवाहरलाल जी और महात्मा गांधी का नाम नहीं जानते हैं, लेकिन उन के बीच में कोई कार्य नहीं किया जाता है । यह बोर्ड जिस प्रकार से काम कर रहा है, उस से जो वास्तव में बैकवर्ड कम्यूनिटीज हैं, उन को क्या फायदा है ? जहां सोशल वर्क होना चाहिये, वहां बिल्कुल नहीं हो रहा है । जितना भी काम होता है, वह एडवान्स्ड कम्यूनिटीज में होता है, जहां एक पिकनिक की तरह खेल खेले जाते हैं । स्त्रियां बड़े ठाट-बाट के साथ गाड़ियां ले कर जाती हैं और पिकनिक में एन्जायमेंट कर के आ जाती हैं । देहात की ऐसी औरतों में, जिन को इस बात का बिल्कुल ज्ञान नहीं है कि देश में क्या हो रहा है, जाने और काम करने की कोशिश नहीं की जाती है । उन लोगों में इतना कष्ट उठाने की प्रेरणा नहीं है । हम चाहते हैं कि सोशल वेलफेयर बोर्ड की एक्टिविटीज कम से कम बैकवर्ड कम्यूनिटीज की औरतों के बीच जरूर हों । मैं ने अपने क्षेत्र में देखा है कि एक ही गांव में एक तरफ हरिजन औरतें हैं और दूसरी तरफ सवर्ण औरतें हैं और सवर्ण औरतों के बीच में सेंटर चल रहा है और हरिजन औरतें मुंह ताकती हैं । केन्द्र भी कोई परवाह नहीं करता है इस प्रकार के सोशल वैलफेयर बोर्ड से हम को कोई फायदा नहीं है । अभी दातार साहब ने बड़े सुन्दर शब्दों में कहा कि जितना भी काम होता है, वह सब के लिये होता है । हम मानते हैं कि सब के लिये होता है और सेंटर में भी और स्टेट्स में भी सोशल वैलफ़ेयर बोर्ड काम कर रहे हैं, लेकिन जिन

स्त्रियों के बीच में काम होना चाहिये, वहां काम कतई नहीं हो रहा है । वहां काम करने की सख्त जरूरत है, नहीं तो सोशल वैलफेयर बोर्ड की कोई जरूरत नहीं होगी । जिन स्त्रियों में काम होता है, मैं स्वयं समझदार हूं । मैं निवेदन करना चाहती हूं कि जिन बातों की तरफ मैं ने ध्यान आकर्षित किया है, उन पर कुछ विचार किया जाये ।

श्री अमर सिंह डामर (झाबुआ—रक्षित अनुसूचित आदिम जातिया): उपाध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं यह निवेदन करना चाहता हू कि अभी तक यह परिपाटी रही है कि अनुसूचित जातियो और आदिम जातियों के विषय में आयुक्त की रिपोर्ट हमारे माननीय गृह मंत्री की ओर से सदन में पेश होती है । मैं सोचता हू कि यह परिपाटी ठीक नहीं है । रिपोर्ट की प्रस्तावना में कमिश्नर महोदय ने अपनी मजबूरी जाहिर की है और रिपोर्ट समय पर पेश न करने का कारण यह बताया गया है कि राज्य सरकारें उन को समय पर सामग्री नहीं देती हैं । इस से यह साफ जाहिर है कि राज्य सरकारे हरिजनों और आदिवासियों की समस्या के प्रति उदासीन होती हैं या जान बूझ कर अपनी नीति ढीली रखती हैं । जहा तक इस रिपोर्ट का सम्बन्ध है, मैं विशेष तौर पर आदिवासियों की समस्या की ओर ही आपका ध्यान दिलाऊंगा । मैं मध्य प्रदेश के मध्य भारत एरिया के उस क्षेत्र से आया हूं जहा हमेशा ही सूखा रहता है दो महीने जो बारिश होती है, उसको छोड़ करके ।

इस रिपोर्ट के पृष्ठ ६७ पर यह लिखा हुआ है :—

"केन्द्रीय आदिमजाति कल्याण परामर्श दात्री बोर्ड द्वारा सुझाव दिया : या है कि, 'आदिवासियों का तीन वर्ष से पुराना सब कर्ज समाप्त कर देना चाहिए और पिछले तीन वर्ष का ऋण कम से कम ब्याज पर या छः प्रतिशत से किसी भी रूप में अधिक न हो, अदा करना चाहिए । इस कार्य के लिए स्थापित की जाने वाली सहकारी समितियों को राज्य सरकारें द्वारा इस विषय में उचित सहायता दी जानी चाहिये । केन्द्रीय सरकार द्वारा इस विषय में उचित सहायता दी जानी चाहिए । केन्द्रीय सरकार द्वारा यह सुझाव दिया गया है कि राज्य सरकारे आदिवासी लोगों की सहायता करने के लिए इस मामले में आवश्यक कदम उठायें" ।

इस निर्णय का मैं स्वागत करता हूं । मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि यह जो निर्णय किया गया है, इसको जल्दी से जल्दी अमली रूप दिया जाये ।

मध्य भारत में आदिवासी लोग जो रहते हैं, मैं समझता हूं कि वे जितने पिछड़े हुए है, उतने शायद और कही पर लोग पिछड़े हुए नहीं होंगे । आर्थिक दृष्टि से कहिये, शैक्षणिक दृष्टि से कहिये, आवागमन की दृष्टि से कहिये या और किसी भी दृष्टि से कहिये, वह एरिया बहुत पिछड़ा हुआ है । कुछ एक गांवों में जो किसान आदिवासी है, जिन के मैं कर्ज के आकड़े लाया हूं, उनको आपके सामने पेश करना चाहता हूं । इस सम्बन्ध में मैं तीन चार व्यक्तियों के नाम तथा कर्ज की राशिया ही बयान करूंगा । श्री कनीराम गमीर गामड़ ने साहूकार माणजी करड़ावद से तीन सौ रुपये लिये । १४१० रुपये चुका चुकने के बाद भी तीन सौ रुपये बाकी निकलते हैं । श्री कचरा कालू गामड़ ने माणाजी करड़ावद साहूकार से ४०० रुपये कर्ज लिया । ८२० रुपये अदा करने के बाद भी ९०० रुपये बाकी निकलते है । श्री मूरजी नाथा ने साहूकार मिश्रीमल गादिया से ३०० रुपये उधार लिये । ६५३ रुपये अदा करने के बाद भी ९०० रुपये बाकी निकलते हैं जोकि चुकाये जाने हैं । बाबू गावा ने मिश्रीमल गादिया से ६६ रुपये उधार लिये थे, ११४ रुपये अदा कर देने के बाद भी ३०० रुपये बाकी निकलते हैं जोकि चुकाये जाने हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय : लम्बी चौड़ी फेहरिस्त देने से कोई लाभ नही होगा क्योंकि मिनिस्टर साहब इसका जवाब नहीं देंगे ।

श्री अमर सिंह डामर : मै और उदाहरण देना नहीं चाहता हूं । मेरे कहने का मतलब केवल इतना है कि सरकार जो मदद करती है तकावी के रूप में या सहकारी समितियां जो मदद करती हैं, रुपया देती हैं, उसका दुरुपयोग होता है । जैसे ही किसान या आदिवासी रुपया प्राप्त करता है, साहूकार लोग उसके घर पहुंच जाते है और जबर्दस्ती अपना रुपया वसूल कर लेते हैं । यही अगर स्थिति रही तो सरकार चाहे जितनी मदद करे, जितना ऋण चाहे दे, आदिवासी किसान का उद्धार होने वाला नहीं है और वे लोग पिछड़े ही रहेंगे । इस दृष्टि से जो यह प्रस्ताव किया गया है, मैं चाहता हूं इसको जल्दी से कार्यान्वित किया जाये और जितनी जल्दी इसको अमली रूप दिया गया उतना ही अच्छा होगा ।

अब मैं आदिवासी बच्चो को जो उनकी मातृभाषा में शिक्षा देने की सिफारिश की गई है, उसके बारे में कुछ कहना चाहता हूं । रिपोर्ट के पृष्ठ ६१ पर यह कहा गया है :—

> "आदिवासी बच्चों के लिए ही खोले गये स्कूलो मे जहा तक आवश्यक तथा व्यावहारिक हो, शिक्षा उनकी मातृ-भाषा में ही देनी चाहिए । प्राप्त सूचना से ज्ञात होता है कि मिकिर पहाड़ियों के अतिरिक्त आसाम के सभी स्वायत्तशासी पहाडी जिलों में शिक्षा आदिवासियों को अपनी मातृ-भाषा में ही दी जाती है" ।

इस सम्बन्ध में मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अगर प्रारम्भिक अवस्था में ही उनको मातृभाषा में शिक्षा दी जाएगी तो आगे चल करके हिन्दी भाषा बोल सकना उनके लिए बहुत मुश्किल होगा तथा हिन्दी सीखना बहुत मुश्किल होगा । वे शुद्ध हिन्दी बोल नहीं सकेंगे । इस वास्ते मेरा सुझाव है कि यह जो सुझाव दिया गया है कि प्रारम्भिक अवस्था में उनको मातृभाषा में शिक्षा दी जाए यह ठीक नहीं है । उनको उस अवस्था में निजी भाषा न पढ़ा करके कुछ हिन्दी सिखाई जाए और उसके बाद आगे चल कर मातृ भाषा सिखाई जाए तो उत्तम रहेगा ।

इस रिपोर्ट के पृष्ठ २६ पर बौद्ध धर्म में परिवर्तित लोगों के बारे में जो कुछ लिखा गया है, उसको मै पढ़ कर सुनाना चाहता हूं और उस पर अपने विचार आपके सामने रखना चाहता हूं । इसमें लिखा है :—

> "अनुसूचित जातियों के कुछ व्यक्तियों का विचार है कि यदि वे दूसरे धर्म में परिवर्तित हो जायें, समाज में इनकी प्रतिष्ठा बढ़ जाएगी और उनकी सामाजिक नियोग्यतायें भी स्वयमेव समाप्त हो जायेंगी । यह एक सन्देहास्पद मामला है, क्योंकि देश के कुछ भागों में विशेषकर दक्षिण में, जो हरिजन ईसाई हो गये हैं वे अब भी सामाजिक नियोग्यताओं के शिकार है, तो भी, इस वर्ष देश के कई भागों से अनुसूचित जातियों द्वारा बौद्ध धर्म स्वीकार करने की खबरे आई । बौद्ध धर्म में परिवर्तित होने का यह आन्दोलन उस समय से आरम्भ हुआ जब डा० बी० आर० अम्बेदकर ने, अपनी मृत्यु के के कुछ मास पहले १९५६ में नागपुर में दीक्षा ली, पर इस आन्दोलन को वेग मिला उनकी मृत्यु के बाद ही । फिर भी यह आन्दोलन, मुख्यतया, बम्बई राज्य के मराठी भाषी प्रदेश और उत्तर प्रदेश तक सीमित रहा । आरम्भ में, इस आन्दोलन के नेताओं ने यह मांग की कि अनुसूचित जातियों को दी जाने वाली शिक्षा, नौकरी और दूसरी सब रियायतें और सुविधायें

धर्म परिवर्तन करने के बाद भी इन लोगों को मिलनी चाहियें। भारत सरकार में इस प्रश्न पर विचार किया है कि क्या अनुसूचित जाति का एक व्यक्ति जिसने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया है, उन सब रियायतें पाने का अधिकारी है जो अनुसूचित जातियों को मिलती हैं। संविधान में और संसद की कार्यवाही में इस बात को स्वीकार कर लिया गया है कि चूंकि बौद्ध धर्म हिन्दू धर्म से भिन्न धर्म है, अनुसूचित जाति का जो व्यक्ति धर्म बदल कर बौद्ध बनता है, उसी समय से वह अनुसूचित जाति का नहीं रहता"।

इसमें ईसाई धर्म से सम्बन्ध रखने वाली बातें भी लिखी हुई हैं। जिनको मैं पढ़कर हाउस का समय लेना नही चाहता हूं। मेरा कहने का मतलब केवल इतना है कि हरिजन और आदिवासी दोनों हिन्दु जाति के लोग हैं और यदि एक हरिजन ईसाई बनता है तो उसको संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार अथवा सुविधायें जो सरकार की ओर से दी जाती हैं, या रिज़र्वेशन सर्विस में रहता है वह खत्म हो जाता है। मैं नहीं समझता कि यदि कोई आदिवासी ईसाई बन जाता है तो उसकी ये सब योग्यतायें खत्म क्यों नहीं होती है। मैं समझता हूं कि यह बात विशेष तौर पर सोचने की है।

मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले की पांच तहसीलों के अन्दर बहुत ज्यादा ईसाई धर्म का प्रचार हो रहा है। वे लोग धर्म के नाम, पर, सुधार के नाम पर लोगों का जबर्दस्ती धर्म परिवर्तन कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट, झाबुआ की जजमेंट की कापी मेरे पास है और उसके कुछ अंश मैं आपको सुनाना चाहता हूं। इसमें लिखा है :—

District Magistrate's Court, Jhubua
Case No. 3/57

Harisingh s/o Bijiya — Applicant

vs.

Father Narona, Catholic Mission, Thandla. — Non-applicant.

Application under section 552 Criminal Procedure Code.

*Judgment*

Catholic Mission, Non-applicant. is made before this court are briefly stated as under:

"That the applicant Harisingh, s/o Bijiya, Bhil resident of village Navapada, Tehsil Tandla was married to one Baddu, daughter of Khima Damar, Bhil, resident of Chhotidhamni, about two and a half years ago....".

उपाध्यक्ष महोदय : सारी जजमेंट को आप पढ़ नहीं सकेंगे क्योंकि वक्त नहीं है।

श्री अमर सिंह डामर : दो चार लाइनें ही पढ़ कर मैं सुनाना चाहता हूं। मेरे कहने का मतलब यह है कि आदिवासी क्षेत्रों में ईसाइयों द्वारा बहुत जोरों से प्रचार कार्य हो रहा है। मैं समझता हूं कि जो लोग हजारों मील दूर रहते हैं और अपने धर्म का प्रचार हिन्दुस्तान में करते हैं, उनसे हमारी यहां की गवर्नमेंट लोगों की रक्षा नहीं कर सकी है, यह खेदजनक बात है। इस जजमेंट में आगे लिखा है :—

'Baddu, a minor wife of the applicant Harisingh being found to be unlawfully detained at the Christian Mission by Mr. Narona for unlawful purpose under section 552 Cr. P.C. is hereby ordered to be restored to her husband, the applicant Harisingh,

Dated the 22-3-58.

मेरे कहने का मतलब यह है कि आदिवासी क्षेत्रों में उन लोगों ने हम लोगों का एक्सप्लायटेशन शुरू कर दिया। जिस प्रकार से सूर्य के सामने चराग़ की रोशनी कुछ माने नहीं रखती है, उसी प्रकार से हमारी गवर्नमेंट बिल्कुल चुपचाप बैठी हुई है। अगर वह इसी तरह से बैठी रही तो धीरे-धीरे

[श्री अमर सिंह डामर]

सौ दो सौ सालों के बाद सभी लोग दूसरे धर्मों में परिवर्तित कर लिये जायेंगे ।

इस क्षेत्र के बारे में मुझे और भी बहुत सी बात कहने को थीं । लेकिन अब तो समय नहीं है, इस वास्ते . . . . .

**Shri L. Achaw Singh** (Inner Manipur): We have been discussing the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes, and the economic and social conditions of this unfortunate section of our society.

We have not been given proper information about the acceptance and the implementation of the recommendations made by the Commissioner. We have very little information about this. We are in the dark as to whether these recommendations of the Commissioner have been accepted by the State Governments as well as the Central Government, and whether all of them or only some of them have been implemented.

In the Report of 1956-57 as many as 258 recommendations were made, and in the Report of 1957-58, the latest Report, 208 recommendations have been made. In the absence of details as to how these recommendations have been dealt with by this Ministry as well as by the State Governments, the discussion is reduced to a sort of routine business in the State Legislatures as well as in the Lok Sabha. I would, therefore, urge upon the Ministry to supply us in future the details as to how these recommendations have been dealt with.

My part of the country, the north-east frontier of India is mostly populated by the Tribal people. Their problem is primarily one of communications and education. During the days of the British most parts of NEFA, the Naga Hills and Manipur, were not properly administered, were not brought under the administration, and their main problem was communications. After independence, some of these areas have been brought under normal administration, but then the problem of communications is still very difficult.

In many of these areas, transport is by air for the public as well as the officials. If there is food shortage or famine, the only means of sending food is by air dropping, and the necessary requirements of the officials in the remote areas and the headquarters are met by air dropping. So, the most urgent and important problem is that of communications.

I have recently toured the Tamenglong subdivision which is mostly populated by the Naga tribes. A special multipurpose block has been started here two years ago. The headquarters is at Tamenglong, about 100 miles from Imphal. The journey lasts three or four days from Imphal, and high officials of the Government have not taken the trouble of visiting the headquarters itself. They have not been able to acquaint themselves with the actual conditions prevailing in these parts.

**17 hrs.**

Now we have been hearing reports and disquieting reports—of hostile activities in this area. They have many difficulties in carrying out this programme. I have studied the different development schemes in those parts. I have visited many schools, dispensaries, arts and craft centres, government demonstration farms of agriculture and animal husbandry. Now, they have made a very steady progress, specially with road construction, in starting schools, in terrace cultivation and in land reclamation work. In this area where this special multi-purpose block has been started, there are shortages of technical men; there are no agricultural officers, no medical men, no trained nurses. Still, they have done whatever they can. There are water tanks for supply of water to the villagers, but due to some defect, they cannot get proper water. This has to be investigated. I have visited many tanks.

They are made of concrete and cement, but they are without water I have visited some of the schools and dispensaries They are also without proper equipments In the dispensaries, they are without proper medicines.

These people are very poor, and they have been asked to contribute half in making roads and in carrying out schemes of development They cannot afford to work without food Most of them do not have enough food for the whole year and have to earn the food themselves So there is this difficulty Unless the people in these parts are paid some advance, it is not possible for them to work on road construction In order to make the road construction easier, it will be advisable to give some advance money to these people

The greatest obstacle in these parts is the hostile activity Some of the Naga hostiles have penetrated into these areas But then Government have also created some problems there Recently there have been some police operations in these parts, and in the name of collecting arms and rounding up the hostile elements, they have raided several villages. They go to the village before daybreak Every house is searched and the able-bodied people are brought out and beaten so that they could extract some information. But this sort of approach is wrong Recently the police chief issued a statement to the Press that every Naga is a hostile. I have travelled seven days through these areas and visited many villages and also visited many villages on the way I found that most of the Nagas in those parts are not at all hostile. They are innocent people, and honest people also They are ready to work for the development of those areas. They have given their utmost cooperation, and to call them hostile and start all sorts of police operations and beating would not help us at all.

We have heard of the psychological approach. Very often, it has been said that we should make some psychological approach We find that Dr Varrier Elwyn, Adviser to the NEFA Administration, has done a god service in publishing a book called "Myths of North East India". He has recently published a book in which he has stated that these people have a culture, they have also originality, and they should be encouraged to develop their culture and they should be taught how to respect themselves. Unless we approach them in a sympathetic way, unless we approach them with mutual respect, we would not be able to win their co-operation and sympathy

I would say one thing more That is about the Chakpas of Manipur. They are about 46,000 people and they have been clasified as Scheduled Castes There has been no caste system in my State and it is historically wrong to call these Chakpas Scheduled Castes I would request the Government to reconsider their decision and bring them under the head 'backward classes' They are sufficiently economically backward; and that is the only way to save them. They have already made a representation to the Government; and I hope Government will consider their appeal.

श्री प० ला० बाकपाल : उपाध्यक्ष महोदय, आप ने मुझे आयुक्त की रिपोर्ट पर बोलने का मौका दिया है, उस के लिए मैं आप का आभारी हू । मेरे साथियो ने इस सम्बन्ध में बहुत कुछ बताया है । आज स्थिति यह है कि हरिजन तो कहते है कि हम आर्थिक, शैक्षणिक और राजनैतिक दृष्टि से पिछडे हुए है और अन्य सज्जनो और सरकार का जो रवैया है, वह यही बताता है कि हम ने हरिजनो के लिए बहुत कुछ किया है । प्रश्न यह है कि वह नाप-तौल का कौन सा थर्मामीटर है, जिस से हम मापें कि इस सम्बन्ध में क्या हो रहा है । लेकिन मै ठीक नही समझता कि डीटेल्ज में जा कर सारी बातें बताऊ, क्योंकि

[श्री प० ला० बारूपाल]

समय नहीं है और न आप ही ये सब कहने के लिए मुझे समय देंगे। मैं इतना ही कह सकता हूं कि राजस्थान में सरकारी पैसे से जिन जलाशयों का निर्माण हुआ है, आज तक हरिजनों को वहां पर समानता से पानी भरने का कोई अधिकार नहीं है। इस से आप माप सकते है कि हरिजनों मे कितनी उन्नति की है।

श्री बाल्मीकी : ऐसा दूसरी जगह भी है।

श्री प० ला० बारूपाल : सरकार ने हमारे लिए जो नौकरियों में रिजर्वेशन रखा है, अधिकारी ने तो उसको एक तरह के टालने की कोशिश की है। "तू लम्बा है, तू पतला है, तू मोटा है, तुझ में शिक्षा नही है, तू लायक नही है", इसी तरह कर के सरकार ने दस बरस तो निकाल दिये हैं। जिस प्रकार कोई व्यक्ति कर्जा ले लेता है और बाद में उस को अदा करने की शक्ति उस में नही होती है, तो वह घास-फूस, डगर वगैरह दे कर वह कर्जा चुकाने की कोशिश करता है—वह थोडा बहुत दे कर टालने की कोशिश करता है। गवर्नमेंट का भी यही रवैया है कि हरिजनो का समाज पर जो कर्जा है, वह हम ने ये काम कर के चुका दिया है। लेकिन सरकार पर मेरा यह साफ आरोप है कि ईमानदारी से कोई काम करने की उस की नीयत नही है। मेरे पास इस के प्रत्यक्ष प्रमाण है कि आज गावो में हरिजनो पर शाहराहे-आम डाके डाले जाते हैं, उन को लूटा जाता है, लेकिन पुलिस उन की कोई मदद नही करती है और अगर वह कुछ करती है, तो वह यह कि ईमानदारी से, ठीक तरह से मामला रजिस्टर नही करती है, मुकदमे खराब करती है और वे अदालत में फ़ेल हो जाते हैं। इस प्रकार का न्याय स्वतंत्र भारत में आज भी हरिजनों को मिलता है। थोड़े दिन का किस्सा है कि एक भंगी को, जो कि चूंकि भंगी था, इसलिए वह असमर्थ था, लेकिन फिर भी स्वाभिमानी था, पुलिस वालों का कहा न करने से हत्या कर दी गई। डाक्टर और पुलिस की रिपोर्ट है, लेकिन उस के सम्बन्ध में कुछ कार्यवाही नही की गई। जैसा कि मै ने पहले भी कहा है, जब तक सैन्टर से हमारे प्राइम मिनिस्टर या होम मिनिस्टर साहब या हमारे मुख्य मत्री इन मामलों में व्यक्तिगत रूप से इन्ट्रेस्ट नहीं लेते है, तब तक उन लोगो को कोई इन्साफ नही मिलेगा। कब तक हम लोग इस प्रकार रोते रहेंगे और कब तक आप लोग ये सब बातें सुनते रहेंगे और कब तक हरिजनों की हालत इसी प्रकार रहेगी ? मै ये बातें कोई भावुकता के वश हो कर नही कह रहा हू। यह बिल्कुल सचाई है, और बिल्कुल ईमानदारी है और सरकार इस पर विश्वास करे।

सरकार ने रेफ्यूजियो का मामला तो दस बरसो में हल कर दिया। आज हिन्दुस्तान में कोई रेफ्यूजी दिखाई नही दे रहा है। लेकिन हरिजनो पर सवर्णों ने सदियो से अत्याचार किया, उन को कुचला और पैरों तले रौंद कर रखा और वे सदियो से शरणार्थी है, लेकिन उन को गवर्नमेंट कोई रियायत नही देती है। इस सम्बन्ध मे उन का आर्थिक स्टैंडर्ड ऊचा करने की बाते कही जाती हैं। लेकिन मै कहना चाहता हू कि उन का आर्थिक स्टैंडर्ड ऊचा करने से उन की सामाजिक हालत अच्छी नही होगी, कोई उन की इज्जत नही करेगा। मैं आप को इसका उदाहरण देना चाहता हू। हमारे रेलवे मिनिस्टर हिन्दुस्तान में सब से माने हुए आदमी हैं, आला दिमाग के आदमी है और सब उन की इज्जत करते हैं, लेकिन मैं उन के सम्बन्ध में राजस्थान की एक बात बतलाना चाहता हू। मै बड़े दुख के साथ उस को आउट करना चाहता हू कि उन्होने एक सेठ के घर में भोजन किया, तो उन की थाली कर्मचारियों ने नहीं मांजी। आखिर वह सेठ उन की थाली को मांजने के लिए तैयार हुआ, तो उन्होंने सोचा कि हमारी बिरादरी कटने वाली है, हम को

निकाल दिया जायेगा और तब उन्होंने वह वाली मांगी । यह हिन्दू समाज की मेन्टेलिटी है ।

कहा जाता है कि हरिजनों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है । पैसा खर्च करने में कोई कमी सरकार की ओर से नहीं है, लेकिन वह पैसा किस तरीके से लगाया जाता है ? वह बरबाद किया जाता है । हरिजनो का काम करने वाले ईमानदार आदमी नहीं हैं । जब तक अच्छे आदमी काम नहीं करेंगे, तब तक कोई परिणाम निकलने वाला नहीं है । आज वहां पर भाई-भतीजावाद चलता है, आज वहां पर पक्षपात चलता है । किन आदमियों को गावों में काम करने के लिए लगाया जाता है? जिन्होंने शहर की गलियां नहीं देखी, जो सिनेमा देखें, जो लिप-स्टिक लगायें, क्या क्या करें, उन लोगों को गावों में काम करने के लिए लगाया जाता है । वे लोग गावों में पैदल भी नहीं चल सकते हैं । बी० डी० ओ० शिकार करने के लिए जाते हैं और ग्राम-सेविकाओं को रंग-रलिया करने के लिए बुलाते हैं । इस के प्रूफ हमारे पास है और मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन क्या किया गया ? सरकार उन को ज्यादा से ज्यादा ट्रान्सफर कर सकती है, लेकिन किसी गरीब को न्याय नहीं दिला सकती है । अगर मैं ईमानदारी से सब बातें कहूं, तो लोग हसेंगे कि यह क्या बक रहा है । हम को चिल्लाते हुए आज दस बरस हो गये, लेकिन गावों और शहरों में हरिजनों को बगैर पैसे के जमीन का पट्टा नहीं दिया जा सका है । क्या स्वर्ग के देवता देने के लिए आयेंगे ? राष्ट्रपति जी कहते हैं कि शिक्षा के बारे में यह होना चाहिए– मैं उन के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता हूं– मिनिस्टर साहब कहते हैं कि यह होना चाहिए और प्राइम मिनिस्टर साहब कहते हैं कि वह होना चाहिए । आखिर स्वर्ग के देवता तो यह सब नहीं करेंगे—वे लोग ही करेंगे ।

रिपोर्ट की हालत यह है कि कहा जाता है कि हमें रिपोर्ट मिलती नहीं है, आंकड़े ठीक नहीं आते हैं । क्या नहीं आते हैं ? कोई काम नहीं करते हैं, तो आंकड़े क्या आयेंगे ? राजस्थान की रिपोर्ट देख लीजिये कि एक भी छुआछूत का मुकदमा दर्ज नहीं है, जहां कि रोज-मर्रा मुकदमे दर्ज होते हैं, जहां कि रोज-मर्रा के झगड़े तय होते हैं । इसलिए इस पर मेरा कोई विश्वास नहीं है । मैं ने पहले ही कहा था कि थोड़े बहुत एम० पीज० हो गये, दस, बीस, पचास एम० एल० एज० बन गये, लेकिन जहां तक हरिजनो की हालत को सुधारने का प्रश्न है, मैं बिल्कुल असंतोष प्रकट करता हूं और बिल्कुल निकम्मा काम समझता हूं । हरिजनो के लिए कुछ नहीं किया गया है । मैं आप से माफी चाहता हूं । अर्ज यह है कि कुछ लोग कहते हैं कि रिजर्वेशन नहीं रहना चाहिए । जिन हरिजनो को भेजा गया है, अगर वे नहीं रहेंगे, तो हमारे कोई दूसरे भाई आयेंगे । प्रश्न यह नहीं है कि हम लोग पार्लियामेंट में आयें और हमारा सम्मान बढे । यह बात जरूर है कि अगर आज रिजर्वेशन न होता, तो पन्ना लाल बारूपाल और बाल्मीकी जैसे को यहां कोई नहीं आने देता और दीवार को हाथ भी नहीं लगाने देता । इसलिए यह जरूरी है कि सरकार इस प्रश्न पर फिर से सोचे और अगर वह नहीं सोचेगी, तो पता नहीं कि इस का रिजल्ट क्या होगा । इस प्रश्न पर हर तरीके से विचार कर के दूसरा कमीशन नियुक्त कर के देखे कि कौन हरिजन है, उन की क्या अवस्था है । पार्लियामेंट के मेम्बरों को गावों में भेजे । आज भी उन की हालत किसी से छिपी नहीं है । अगर सरकार उस को नजर-अन्दाज करना चाहती है, तो हमें कोई परवाह नहीं है । अगर सरकार दिवालियेपन से कर्जा चुकाना चाहती है, छोटे मोटे काम कर के हरिजनों के कर्जे को चुकाना चाहती है, तो जैसी उस की मरजी हो, वैसे वह करे ।

**Mr. Deputy-Speaker:** Shri M. R. Krishna. What I have got, I will distribute among the hon. Members as many as I can accommodate, I

shall do; after that I will be helpless.

**An Hon. Member:** Five minutes at least for each.

**Shri M. R. Krishna:** Sir, before I deal with the Commissioner's report, I would like to make a few observations on the speech by the hon. Shri Datar. Referring to forced labour in the villages, he has said that it has been abolished and if there are any cases of that nature, the Member should bring them to his notice.

I do not want to give instances or cases of this nature prevalent in the whole country but I would only like the hon. Minister to take pains to find the works which are being done by the Harijans in the villages: works of this nature, such as, crop survey, field survey, crop estimates, etc. Who carries the luggage of the patel and the patwari? Have the State Governments or the Central Government got any evidence or information about people who are doing this kind of work in the villages? Let them find out how these things are done and whether the people who do this work are paid for that, whether this is not forced labour or whether they get any allowance or any income for these things. I would like the hon. Minister to make an enquiry and let this House know about it.

Coming to the Commissioner's report, I may say that every year we discuss this report. The Commissioner makes his recommendations. Not only that. This year we are having the Estimates Committee report. It is really very valuable. Apart from this, I am told that the Home Ministry or the Government is going to appoint another committee to go into the question of the Scheduled Castes and Tribes' welfare and so on. I do not know what are the reasons for appointing so many committees. I would be very grateful to the Ministry if the Ministry could take all the recommendations of one Committee. They may take either the recommendations contained in the Report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes or the recommendations contained in the report of the Estimates Committee. Only after those recommendations are fully implemented they can think of any other committee to go into these matters. Otherwise we will be wasting our time in discussing the reports of these committees only and there will be nothing in action. No doubt, the Home Minister has personally taken very keen interest in the welfare of the Scheduled Castes. I think the few bright patches in the gloomy report of the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes is mainly due to his personal effort.

Sir, the Home Minister and the Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes have said that the schemes are not properly implemented because they are all to be implemented through the State Governments. Most probably it is because the people are not co-operating with the Government that the schemes have not been properly implemented. This thing will continue for some more time. Now, even responsible persons, I hear, while speaking about the caste system and caste superiority, try to defend the existence of caste system by saying that this kind of discrimination is also existent in the Harijan community itself. I think this kind of people were solely responsible for the British to continue in this country and make this nation a slave nation for ages. Even today I think it is because of these people that there is corruption or dishonesty, if any, among the officers. If a corrupt officer is told that bribe taking is bad and the argument he gives out is that his chaprasis or constables also live on bribes, the officer conveniently forgets or he does not want to believe in the truth that if the top man becomes honest it will take only

a few seconds for the men who work under him to become more honest than the officer himself. Therefore, I do not think that any responsible Member would be doing any good to the Harijan community and to the entire nation by saying that because there is this feeling of caste system existing in the Harijan community they should also go on perpetuating this caste superiority over the others. It should be put to an end as soon as possible

Now I come to a very important point on which the whole country is agitated A large section of this House and the country feels that there must be a ceiling on the land We also welcome it There must be a ceiling But before taking any definite steps in this connection, I would like to caution about one thing Today the Harijan population which depends on agricultural labour is nearly to the extent of 70 per cent to 80 per cent Nearly one-third of the total agricultural landless labour is from the Scheduled Caste community We have the experience of the Hyderabad State When the jagirs were abolished, it was said that the lands will be distributed to the landless people Now we are introducing the ceiling We are trying to reduce the quantity of land owned by some people Here again there will be a very big danger These pepole today at least get half a meal and one wear Even if they work as seasonal labourers they will be able at least to live for some time But if the ceiling is imposed and if the land available is not distributed to the Harijans, they will not get any employment They will not have any land, nor will they be able to find jobs in the cities and towns Therefore, before any step is taken in this direction, I would like the Central Government first to see and ask from every State Government how much land will be available after imposing the ceiling and what amount of land will be available for distribution to the landless Harijans and Adivasis. It must also be ascertained as to who will pay the compensation The land owners will have to be paid compensation The point is whether State Government will pay the compensation or the Central Government will pay These are very important questions I want the Home Ministry to take note of these things, find out the details and get a complete scheme Even if it is a matter of appointing a few more officers the Home Ministry should not hesitate to do it They must get a definite scheme from every State before the ceiling is effected Otherwise, a large section of the people who are depending on the lands as agricultural labourers will be deprived of their existence

I come to another point, and that is about housing The Home Minister was kind enough to set apart nearly Rs 34,63,750 for Harijan housing during 1957-58 This is really a very good sum, and if that amount had been totally expended on building houses for the Harijans, it would have been very helpful, but he will be astonished to know that out of this amount only Rs 12 81 lakhs were spent last year This kind of tardy progress will not help the Harijans, and if the facilities accorded to Harijans are provided at this rate, and in this way I think it will take another 100 years for them to improve their standards

The Home Ministry would say that they have not been getting the schemes for construction of houses for Harijans I remember a specific scheme from one of the taluks of Andhra Pradesh—Jagtiyal taluk in Karimnagar district Under the Bhoodan Movement, land was distributed to nearly 127 Harijans The people wanted to construct their own houses Some of the Members of Parliament discussed the matter with the Deputy Secretary concerned with the Harijan welfare in the Ministry of Home Affairs, and after getting a definite assurance from him, the scheme was formulated and submitted to the

[Shri M. R. Krishna]

Home Ministry. But since October, 1958, nothing has been done, and those poor people who had to dismantle their original huts have to live now in the open and have to suffer in wind, rain and sun. Therefore, I want the Home Ministry at least to see that this scheme is implemented, and whatever amount they are going to set apart for the Harijan housing in the coming year must be fully spent. Otherwise, merely sanctioning an amount will not help.

The Commissioner for Scheduled Castes and Scheduled Tribes has rightly said that education is a very strong weapon in the hands of the Harijans to get rid of the evils from which they are suffering today. But what help has been given to the Harijans today in the matter of education? About scholarships many Members have spoken, and therefore I do not want to stress on it. But I can say that the education which is being imparted to the Harijans is not *of any superior quality*. Still, they will have to compete with people who did not have any difficulty in getting good education in the schools. The Harijan community has suffered for long. The Harijans did not have schools; they did not have the opportunity of sitting with other children in the school. But yet this community is denied a special kind of education even though it is said in the Constitution, for instance, that the rights of education are available to all. Take, for instance, the public school education in India.

Now, the Home Ministry of the Government of India has sanctioned nearly a lakh of rupees last year, and it has also said that about 65 scholarships would be given to Scheduled Castes candidates. They perhaps wanted to make a beginning with that number. But, as I could learn from the Report of the Commissioner, out of those 65 scholarships, two scholarships have been awarded to Scheduled Caste people, five to other backward classes and none to the Scheduled Tribes. That is all. This is not the way in which you can impart education to the Harijan community and the Adivasis. I find that the Home Ministry has established some technical schools for the Scheduled Tribes. That is a very welcome sign, and I would request the Home Ministry to establish some more schools of that nature. If not, they can at least assist private institutions at different places to impart technical education to the Harijan community. Technical education alone would be able to solve the many problems which the Scheduled Caste and other backward communities are facing today.

श्री अजीत सिंह (भटिण्डा—रक्षित—अनुसूचित जातियां) जनाब डिप्टी स्पीकर साहब, यहां पर रिजर्वेशन का काफी जिक्र हुआ है । मैं समझता हूं यह चीज एंडलेस पीरियड के लिए होनी चाहिए । इसका कोई समय मुकर्रर नहीं होना चाहिए और जब तक हरिजन भाई दूसरे लोगों के बराबर नहीं हो जाते हैं तब तक यह चीज चलनी चाहिये । हम चाहें तो बेशक इस चीज को दस साल के बाद रिव्यू कर सकते हैं और तब की पोजिशन को देख सकते हैं ।

मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि पंजाब में शैड्यूल्ड कास्ट के लोगों को सर्विसिज में जो रिजर्वेशन दिया गया है वह १९ परसेंट है और दो परसेंट बैकवर्ड क्लासिज को दिया गया है । इस तरह से कुल मिलाकर २१ परसेंट रिजर्वेशन वहां है । कुल मिला करके मैं समझता हूं कि शैड्यूल्ड कास्ट के लोगों को बहुत नुकसान होता है । मैं समझता हूं कि यह जो नुकसान होता है, इसकी जांच भी कमिश्नर साहब को करनी चाहिए । उनको यह देखना चाहिए कि किसी भी सूबे में अगर ऐसा होता है तो इसको रोकें । ऐसा नहीं होना चाहिए कि बैकवर्ड क्लासिज को

शैड्यूल्ड कास्ट के लोगों का जो कोटा है वह दे दिया गया ।

यहां पर लैंडलेस एग्रिकलचरिस्ट्स के बारे में भी बहुत कुछ कहा गया है । पहले पांच साला प्लान में एक करोड रुपया निकाला गया था जिससे जमीनें कुछ हरिजनो को दी गई । दूसरे प्लान में अभी तक गवर्नमेंट कसिडर ही कर रही है कि जमीन खरीद के देवे ।

